MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 354 | ग्वालियर,20 अक्टुबर शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश की जनता को पत्र लिखकर विधानसभा चुनाव में मांगा समर्थन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की जनता को पत्र लिखकर राज्य में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा के लिए समर्थन मांगा है। मध्य प्रदेश की जनता को लिखे पत्र में राज्य के साथ अपने विशेष लगाव का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा है, मेरा सदा से मध्य प्रदेश के साथ एक विशेष जुड़ाव रहा है, जिसके चलते आपने 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में मुझे असीम स्नेह देते हुए भाजपा को अभूतपूर्व विजय दिलाई थी, मुझे पूरा विश्वास है कि उसी तरह आने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी आप मुझ तक अपना सीधा समर्थन पहुंचाएंगे एवं भाजपा पर अपने अटूट विश्वास के चलते फिर इस बार डबल इंजन की सरकार बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने भाजपा सरकारों द्वारा मध्य प्रदेश के विकास के लिए किए गए कामों को गिनाते हुए पत्र में कहा, मैं जब भी मध्य प्रदेश आता हूं, आपके मन में मेरे प्रति इतना प्रेम और स्नेह देखकर मुझे अपार ऊर्जा मिलती है। आज मध्य प्रदेश विकास की राह पर जिस गति से आगे बढ़ रहा है, वह हमारे लिए अत्यंत हर्ष की बात है। पिछले 20 वर्षों में मध्य प्रदेश बीमारू राज्य के अपने अतीत से निकल कर सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बना है। कौन भूल सकता है 2003 से पहले के मध्य प्रदेश को, जहां बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। पिछले 20 वर्ष से जो भरोसा आपने हम पर दिखाया है उसके चलते मध्य प्रदेश देश की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। इन 20 वर्षों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा सरकार की अथक मेहनत के परिणाम स्वरूप आज मध्य प्रदेश में हुए 5 लाख किमी से अधिक सड़कों के निर्माण, 16 प्रतिशत से अधिक आर्थिक विकास दर, 65 लाख से अधिक घरों में नल से जल, 28 हजार मेगावाट ऊर्जा उत्पादन को देख कर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। ये 20 वर्ष न सिर्फ मध्य प्रदेश के विकास के रहे हैं बल्कि ये आपके हम पर विश्वास के भी रहे हैं। आज मध्य प्रदेश का विकास मॉडल पूरे देश के लिए गरीब कल्याण, महिला उत्थान एवं समग्र प्रोत्साहन का मॉडल बन गया है। भाजपा सरकार ने अपने गरीब कल्याण के संकल्प की सिद्धि के लिए मध्य प्रदेश के हर वंचित के लिए अनगिनत योजनाएं चलाई हैं, जिनके चलते आज मध्य प्रदेश में 1.36 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आएं हैं। महिला कल्याण के प्रति समर्पण भाव रखते हुए हमने लाडली बहनों और लाड़ली लक्ष्मयों की उन्नति के लिए निरंतर काम किया है। आज मध्य प्रदेश के किसानों, दलितों, आदिवासियों एवं युवाओं का वर्तमान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के चलते बेहतर हुआ है और उनके सामने एक उन्नत भविष्य राह देख रहा है। कांग्रेस के बारे में मध्य प्रदेश के मतदाताओं को आगाह करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा,वर्ष 2014 से पहले, केंद्र की कांग्रेस सरकार के सौतेले व्यवहार के कारण, मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को जनकल्याण एवं प्रदेश के विकास में अनेक कठिनाइयां आती थी। आज पूरा देश साक्षी है कि 2014 के बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद मध्य प्रदेश के भीतर एक नई क्षमता का विस्तार हुआ और हमने मिलकर जहां मध्य प्रदेश को एक उज्वल भविष्य दिया है। वहीं, अपने गौरवशाली इतिहास को भी सहेजा है। यह आपके और डबल इंजन सरकार के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मध्य प्रदेश भारत के टॉप 3 अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में शामिल होने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। पत्र में एमपी के मन में मोदी का नारा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधा समर्थन पहुंचाने और भाजपा को वोट देकर जीताने का संकल्प लेने के लिये 7000230230 पर मिस्ड कॉल करने की भी अपील की गई है।

## त्योहारी सीजन में कर्मचारियों को मिल सकती है एक और खुशी

**नई दिल्ली।** विगत दिवस ही देश के 1 करोड़ कर्मचारियों को सरकार ने 4 फीसदी महंगाई भत्ते में इजाफा किया है.



लेकिन अब बात नए जमाने की है. बताया जा रहा है कि सातवें वेतन आयोग की बात अब पुरानी हो गई है. बहुत जल्द कर्मचारियों को आठवां वेतनमान आयोग का लाभ मिलेगा. क्योंकि सरकार ने इसकी फाइल तैयार कर ली है. बताया जा रहा है कि जनवरी 2024 में ही इसे अमल में लाया जाएगा. हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा सरकार द्वारा नहीं की गई है. आपको बता दें कि भारत में अभी तक 7 वेतन आयोगों का गठन हो चुका है. पहले वेतनमान आयोग की अगर बात करें तो 1946 में बनाया गया था. वहीं लास्ट 7वां वेतन आयोग 28 फरवरी, 2014 को गठित हुआ था. अब आठवें वेतनमान आयोग पर चर्चा शुरू हो गई है. बताया जा रहा है कि आठवें वेतन आयोग का गठन करने के लिए फाइल बनने लगी है. हालाकि 2024 तक ही आठवां वेतन आयोग अमल लाने की बात कही जा रही है. जिससे देश के एक करोड़ 12 लाख कर्मचारियों व पेंशनर्स को सीधा लाभ मिलेगा. विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जनवरी 2024 में आठवां वेतन आयोग के गठन का खाका तैयार हो चुका है. अधिकारियों का कहना है कि जब आठवां वेतनमान लागू होगा तो कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन बढ़कर 18000 के स्थान पर 26000 रुपए हो जाएगा. विगत दिवस ही देश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है. जिसे जुलाई से देने की बात कही गई है।

## 1 फोन कॉल ने उजाड़ दी हंसती-खेलती जिंदगी

**नई दिल्ली।** कई बार एक खबर आपकी हंसती खेलती



जिंदगी को उजाड़ कर रख देती है. ऐसी ही एक खबर राजस्थान के धीरपुर से समाने आ रही है. जहां हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई. 8 माह पहले दोनों की शादी हुई थी. युवक आर्मी में नौकरी करता था. साथ ही जम्मू के कुपवाड़ा जिले में तैनात था. दोनों की शादीशुदा ज?िंदगी ठीक चल रही थी. लेकिन आगे जो हुआ वह हैरान करने वाला था. अब चारों और एक ही चर्चा है कि क्या एक फॅान कॉल से सबकुछ खत्म हो सकता है. अधिकारियों के मुताबिक, बीएसएफ के हेड कांस्टेबल राजेंद्र यादव घाटी के कुपवाड़ा जिले में तैनात थे. उन?हें जब पता चला कि उनकी पत्नी, अंशू यादव ने मंगलवार को राजस्थान के धीरपुर गांव में अपने घर में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है, तो बीएसएफ जवान ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली. जिससे पूरे धीरपुर गांव में मातम पसर गया. हर किसी की जुबान पर यही चर्चा थी. अधिकारियों ने बताया कि उसी दिन पति व पत्नी में झगड़ा हुआ था. जिसके बाद पहले पत्नी ने पंखे से लटककर आत्म हत्या की. बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक पति पत्नी के झगड़े में ये सब हुआ है. जैसे ही जम्मू में तैनात पति को पत्नी के आत्म हत्या करने की खबर मिली वह आपा खो बैठा. साथ ही उसने अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली. आठ माह पहले उनकी शादी हुई थी. अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ जवान का शव गुरुवार को उनके घर पहुंचेगा. अंतिम दर्शन के बाद दाह संस्कार किया जाएगा.

## एसटीएफ ने ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया, 2 किलो 30 ग्राम अफीम जब्त

**बिजनौर।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में यूपी के बिजनौर में



मादक पदार्थ जब्त किया गया और अफीम की तस्करी के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्तराखंड, यूपी बॉर्डर के कालागढ़ इलाके में एसटीएफ द्वारा छापेमारी की गई और कम से कम 2 किलो 30 ग्राम अफीम जब्त की गई। पुलिस टीम ने ड्रग तस्कर के कब्जे से एक मोबाइल भी जब्त किया है। तस्कर की पहचान मलकीत सिंह के रूप में हुई है। यह बिजनौर के भोगपुर गांव का मूल निवासी हैं।

## केरल पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में सहकारी बैंक की पूर्व प्रबंधक को गिरफ्तार किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने गुरुवार को राज्य के त्रिशूर जिले में सहकारी बैंक की एक पूर्व महिला प्रबंधक को गिरफ्तार किया। विजयालक्ष्मी मोहन और उनकी बेटी ने अक्टूबर 2022 में शहरी सहकारी बैंक की पूर्व प्रबंधक प्रीथा हरिदास के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन?होंने कहा कि जब वे 6.70 लाख रुपये की अपनी सावधि जमा को भुनाने गईं तो यह जानकर आश्चर्यचकित रह गईं कि नकदी पहले ही भुनाई जा चुकी है। मोहन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में पता चला कि मामले में कोई जाँच नहीं चल रही थी क्योंकि बैंक कथित तौर पर माकपा द्वारा नियंत्रित था जो पुलिस पर दबाव डाल रहा था। इसके बाद मोहन ने उच्च न्यायालय और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार का भी दरवाजा खटखटाया। परेशानी को भांपते हुए बैंक प्रबंधक ने अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हालाँकि, अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया और उसे 17 अक्टूबर को पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा। जब आरोपी तय समय पर पुलिस के सामने उपस्थित नहीं हुई तो पुलिस ने गुरुवार सुबह उसे हिरासत में ले लिया। संयोग से, यह गिरफ्तारी उस दिन हुई है जब माकपा की युवा शाखा, डीवाईएफआई सहकारी बैंकों और पूर्व मंत्री ए.सी. मोइदीन सहित पार्टी नेताओं से संबंधित मामलों में ईडी छापे के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शन कर रही है। माकपा के पूर्व विधायक एम.के. कन्नन भी ईडी की जांच के घेरे में हैं। केंद्रीय एजेंसी पहले ही पार्टी के एक पार्षद समेत चार को गिरफ्तार कर चुकी है।




## दिग्विजय अपना बुढ़ापा सुधार लोः विजयवर्गीय

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर एक विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय इन दिनों अपने बयानों के कारण चर्चाओं में हैं। अब उनका नया बयान आया है, जिसमें उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सलाह दी है कि वह सोनिया गांधी के साथ राम मंदिर पहुंचकर दर्शन करें ताकि उनका बुढ़ापा सुधर जाए। विजयवर्गीय लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं और दौरे कर रहे हैं और ऐसे बयान दे रहे हैं, जिसके चलते चर्चाओं में हैं। उनका जो ताजा बयान आया है उसमें वह सीधे तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी पर हमला बोल रहे हैं। विजयवर्गीय का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक जनसभा में उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनाने का काम आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है। हम कहते थे राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, जबकि, दिग्विजय सिंह कहते थे तारीख नहीं बताएंगे। अब तो भैया तारीख भी बता दी है। कांग्रेस



के नेता और वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में राम को काल्पनिक व्यक्ति बताया था। विजयवर्गीय ने आगे कहा कि राम को काल्पनिक व्यक्ति बताया और रामचरितमानस को उपन्यास करार दिया, जबकि हम कहते हैं कि राम हमारे आराध्य हैं, हनुमान हमारे आराध्य हैं, रामचरित मानस हमारे समाज को मार्गदर्शन देती है। यह मर्यादा का पाठ पढाती है।

## पीएम ऋषि सुनक ने इजरायल से कहा, आपके साथ खड़ा है यूके

**तेल अवीव।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गुरुवार को दोहराया कि ब्रिटेन संकट की इस घड़ी में इजरायल के साथ खड़ा है। उन्होंने 7 अक्टूबर को यहूदी राष्ट्र पर हमास के हमले को आतंकवाद का अकथनीय, भयावह कृत्य करार दिया। पीएम सुनक ने तेल अवीव में हवाईअड्डे के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ की दिन भर की यात्रा के बाद वह युद्धग्रस्त देश का दौरा करने वाले तीसरे विश्व नेता हैं।

बीबीसी ने सुनक के हवाले से कहा, मैं बाद में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के साथ अपनी बैठकों को लेकर बहुत उत्सुक हूं और मुझे पूरी उम्मीद है कि वे उपयोगी बैठकें होंगी। अपने आगमन के तुरंत बाद, पीएम सुनक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं इज़रायल में हूं, एक राष्ट्र शोक में है। मैं आपके साथ शोक मनाता हूं और आतंकवाद जैसी बुराई के खिलाफ आपके साथ खड़ा हूं। आज, और हमेशा। सुनक ने एक अलग पोस्ट में कहा, एक बच्चे को आपसे से छीन लेना



किसी भी माता-पिता के लिए सबसे बुरा सपना होता है। आज सुबह मैंने उन परिवारों के बारे में सुना जो इस असहनीय पीड़ा से गुजर रहे हैं। अपने साझेदारों के साथ काम करते हुए, हम हमास आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इज़रायली सेना के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से हमास ने लगभग 203 लोगों को बंधक बना लिया है। सुनक दोपहर बाद येरुशलम में इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे। बीबीसी की एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वह हमास के हमलों में मारे गए नागरिकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करेंगे, साथ ही गाजा को जल्द से जल्द मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए दबाव डालेंगे। सुनक की यात्रा गाजा शहर में अल अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल पर हुए घातक बम विस्फोट के दो दिन बाद हो रही है, जिसमें बच्चों और स्वास्थ्य कर्मियों सहित सैकड़ों लोग मारे गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार रात अपनी यात्रा की घोषणा के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा था कि प्रत्येक नागरिक की मौत एक त्रासदी है। हमास के भयानक आतंकवादी कृत्य के बाद बहुत से लोगों की जान चली गई है।

## असम के भाजपा विधायकों को लोकसभा चुनाव के लिए दिए लक्ष्य



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य पार्टी मुख्यालय में सभी भाजपा विधायकों के साथ बैठक की, इस दौरान 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रत्येक विधायक की भूमिका पर चर्चा की गई। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सरमा ने भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट जमा करने के लिए प्रत्येक विधायक के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, पार्टी के विधायकों के साथ खासकर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। सभी को स्पष्ट संदेश दिया गया। विधायकों को लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए। संतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं है। मुझे यकीन है कि भाजपा गठबंधन असम में लोकसभा चुनाव में कम से कम 11 सीटें जीतेगा। हम एक और सीट जीत सकते हैं, लेकिन अनिश्चितता है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ सीट बंटवारे में कोई समस्या नहीं होगी।

## झारखंड के धनबाद और गिरिडीह में 12 घंटे में मिले तीन महिलाओं के शव

**रांची।** झारखंड के धनबाद और गिरिडीह में 12 घंटे के अंदर अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाओं के शव मिलने से सनसनी फैल गई। इनमें से किसी भी शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस जांच में जुटी है। धनबाद के सुदामडीह थाना क्षेत्र में बुधवार रात दामोदर नदी के पास सीता नाला में दो महिलाओं के शव पाए गए। शौच के लिए गए ग्रामीणों की नजर इन शवों पर पड़ी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इनमें से एक की उम्र 45 साल और दूसरे की उम्र 55 साल के करीब है। आशंका जतायी जा रही



है कि दोनों की हत्या कर शवों को पुल के नीचे फेंका गया है। इस बाबत सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि दो शव दामोदर नदी के किनारे मिले हैं। दोनों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जंगल से गुरुवार की सुबह एक महिला की अर्धनग्न लाश मिली। इस बाबत स्थानीय ग्राम प्रधान अर्जुन मरांडी ने बताया कि जंगल में मवेशी चराने गये ग्रामीणों ने अर्धनग्न महिला का शव देखा। शव पलमो-पचरुखी मुख्य मार्ग से तीन सौ फीट दूर पेड़ के नीचे पड़ा था। मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान ने बताया कि जिस महिला का शव मिला है उसकी उम्र 35 साल होगी। प्रथमदृष्ट्या मामला हत्या का लग रहा है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के पहले महिला से दुष्कर्म हुआ है। पुलिस हर बिन्दु पर जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## बिहार में छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से काटकर की बड़े भाई, भाभी की हत्या

**जमुई।** बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना प्रकाश में आई है जहां छोटे भाई ने बड़े भाई और भाभी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया।



दोनों भाइयों के बीच काफी दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, सिकंदरा थाना क्षेत्र के लहिला गांव निवासी देवेंद्र मिश्र का अपने ही छोटे भाई रविंद्र मिश्र के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे भी दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ और रविंद्र ने अपने भईया और भाभी मीरा देवी पर गुस्से में कुल्हाड़ी से वार कर दिया। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। सिकंदरा के थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया किगंभीर स्थिति में मीरा देवी को जमुई सदर अस्पताल भेजा गया था, लेकिन रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।फिलहाल पुलिस सभी तथ्यों को इकट्ठा कर रही है। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और लोहे के रॉड को बरामद कर लिया है।

## कर्नाटक-तमिलनाडु के बीच मेट्रो परियोजना में कुछ भी गलत नहीं : डिप्टी सीएम शिवकुमार

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार ने गुरवार को कहा कि तमिलनाडु के होसुरु शहर और बेंगलुरु के दोड्डाबोम्मासंद्र इलाके के बीच बनने वाली अंतरराज्यीय मेट्रो परियोजना में कुछ भी गलत नहीं है। तमिलनाडु सरकार हमेशा कर्नाटक की परियोजनाओं के विपरीत दृष्टिकोण रखती है तो क्या कर्नाटक को इस परियोजना में स्टालिन सरकार का समर्थन करना चाहिए, इस सवाल का जवाब देते हुए डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि इस संबंध में तमिलनाडु की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही है। होसुरु शहर में दोनों राज्यों के लोग रहते हैं। वहां के लोग काम के लिए यहां (बेंगलुरु) आएंगे और यहां के लोग नौकरी के लिए वहां जाएंगे। हम टेंडर नहीं बुला रहे हैं। परियोजना की व्यवहार्यता की जांच करने का प्रयास किया जा रहा है। मेट्रो प्रोजेक्ट में केंद्र सरकार की 50 फीसदी भागीदारी है। इसमें गलत क्या है। शिवकुमार ने सवाल किया, क्या महाराष्ट्र और बेलगावी के बीच बसों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए नियम बनाया जा सकता है। क्या कन्याकुमारी और कश्मीर के



बीच कोई रेल संपर्क नहीं है। जब शिवकुमार से पूछा गया कि हिरेमठ सीर ने उन्हें जल्द ही सीएम बनने का आशीर्वाद दिया है, तो उन्होंने कहा, लोगों ने कांग्रेस सरकार को पांच साल के शासन के लिए आशीर्वाद दिया है। लोगों की उम्मीदें हैं और पहला ध्यान लोगों को अच्छा प्रशासन देना है। कर्नाटक में रहने वाले मराठा लोगों को बीमा जारी करने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा चंदनगढ़ में एक कार्यालय शुरू करने पर एक सवाल का जवाब देते हुए, शिवकुमार ने कहा, सुवर्णा सौधा बेलगावी में इस तथ्य के लिए बनाया गया है कि यह राज्य की दूसरी राजधानी है। सरकार इस क्षेत्र के साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई विवाद सामने न आए। मैं इस पर चर्चा करूंगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बिजली संकट से निपटने के लिए राज्य में बिजली उत्पादन की क्षमता बढ़ाने की परियोजना बनाएगी। उत्तरी कर्नाटक के किसान भाग्यशाली हैं। सभी झीलें और जलाशय भरे हुए हैं। पुराने मैसूरु क्षेत्र में समस्या बनी हुई है और भगवान को हमारी मदद करनी चाहिए।

# भाजपा मंडल मधुसूदनगढ़ के शक्ति केंद्रों पर सामूहिक बैठक



रिपोर्टर -प्रतीश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे

**मधुसूदनगढ़** । आगामी विधान सभा चुनाव की कार्य योजना विजय संकल्प कार्यों को लेकर मधुसूदनगढ़ मण्डल के शक्ति केंद्रों मधुसूदनगढ़ मंडल के अंतर्गत आने वाले 12 शक्ति केंद्रों पर मीटिंगों का आयोजन किया गया इन सभी शक्ति केंद्रों के अंतर्गत आने वाले समस्त 60 पोलिंगो की कार्य योजना बनाई गई इसी तारतम्य में करेला के प्रभारी सत्यपालसिंह द्वारा करेला में मीटिंग ली इस बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया की भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश में विकास को गति शील बनाया एवं हर गरीब वर्ग सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का लाभ दिलाया है और मधुसूदनगढ़ मण्डल में भाजपा सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के अन्तर्गत अनेकों काम हुए हैं इस शक्ति केंद्र के अंतर्गत तोरई, करेला, खैरखेड़ी, नलखेड़ा एवं श्रीपुरा की सामूहिक बैठक आयोजित की गई जिसमें संयोजक, सह संयोजक एवं प्रभारी एवं बूथ समिति के सदस्य सम्मिलित हुए । संगठन के निर्देशों के अनुसार बूथ समिति को अवगत कराते हुए अंतिम रूप दिया गया। इससे पहले सभी अतिथियों का शाल श्रीफल एवं साफा पहनाकर ग्राम वासियों द्वारा स्वागत किया गयाइस अवसर पर राधेश्याम नरवर विधानसभा मीडिया प्रभारी, नरेंद्रसिंह जादौन नलखेड़ा शक्ति केंद्र संयोजक, युवराजसिंह मीणा शक्ति केंद्र प्रभारी, भूपतसिंह शक्ति केंद्र सह संयोजक, खुमानसिंह विश्वकर्मा तोरई बूथ समिति अध्यक्ष, हरवेश साहू किसान मोर्चा विधानसभा मीडिया प्रभारी, सूर्यप्रकाश व्यास सदस्य अंत्योदय नगर परिषद समिति, विशनसिंह मीणाअनुजराजसिंह युवा मोर्चा, विशाल शर्मा ,भूरा खैरखेड़ी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का आभार करेला शक्ति केंद्र प्रभारी युवराज सिंह मीणा द्वारा किया गया।

# आगामी चुनावों व त्योहारों के मद्देनजर शिवपुरी पुलिस की आदतन अपराधियों पर कार्यवाही

## पुलिस अधीक्षक शिवपुरी की अनुशंसा पर कलेक्टर शिवपुरी द्वारा 17 पर जिला बदर एवं 05 पर थाना अटैच की कार्यवाही की है

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-रविन्द्र कुमार चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी की अनुशंसा पर जिले के निम्नलिखित 17 अपराधी को जिलाबदर एवं 05 अपराधी को थाना अटैच किये जाने का आदेश पारित किया अंकित उर्फ संतोष पुत्र स्व .महेश गुप्ताल, उम्र 32 साल निवासी नगरिया कॉलोनी पिछोर थाना पिछोर, जिला शिवपुरी (म.प्र.)बल्लू उर्फ बृजेश पुत्र रामकिशन लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम गौचोनी, थाना पिछोर जिला शिवपुरी (म.प्र.) विश्वानाथ प्रताप उर्फ बी.पी. पुत्र इन्द्र पाल सिंह परमार निवासी पिपरोदा उबारी थाना मायापुर जिला शिवपुरी जितेन्द्रै उर्फ जीतू राठौर पुत्र बांकेलाल राठौर उम्र 42 साल निवासी ग्राम धौलागढ़ थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी (म.प्र.) रिंकू उर्फ शिवकांत पुत्र मुन्नां उर्फ ओमप्रकाश शर्मा उम्र 35 साल, ग्राम राजामहोदव पिछोर थाना पिछोर, जिला शिवपुरी (म.प्र.) सुल्तादन बंजारा पुत्र भारमल बंजारा उम्र 34 साल निवासी ग्राम ठेवला थाना गोवर्धन जिला शिवपुरी (म.प्र.)बल्लू उर्फ रामकुमार पुत्र इमरतलाल लोधी, उम्र 26 साल, निवासी ग्राम गौचोनी, थाना पिछोर जिला शिवपुरी विक्कीर उर्फ विक्रम आदिवासी पुत्र स्वप. मगन सिंह आदिवासी उम्र 28 निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी थाना फिजीकल जिला शिवपुरी अमन पुत्र लक्ष्म(ण केवट उम्र 22 साल निवासी संकट मोचन कॉलोनी पिछोर थाना पिछोर जिला शिवपुरी (म.प्र.) सुरेश पुत्र सूरजभान लोधी उम्र 45 साल, निवासी ग्राम गौचोनी थाना पिछोर, जिला शिवपुरी (म.प्र.)लल्लू उर्फ शिशुपाल पुत्र रामचरन रावत उम्र 43 साल निवासी ग्राम रिझारी थाना तेन्दुआ जिला शिवपुरी (म.प्र.)भूरा उर्फ भानुप्रताप पुत्र प्रभूदयाल लोधी उम्र 36 साल, निवासी ग्राम मानपुर, थाना पिछोर जिला शिवपुरी (म.प्र.) प्रभूदयाल पुत्र तोरन सिंह रजक, उम्र 42 साल निवासी ग्राम सीतापुर, थाना पिछोर जिला शिवपुरी (म.प्र.)सतेन्द्र पुत्र जयहिन्दु बुन्देयला उम्र 24 वर्ष निवासी ठाकुर बाबा कॉलोनी पिछोर थाना पिछोर जिला शिवपुरी ,देवेन्द्र पुत्र रामचरन सिंह रावत उम्र 45 साल निवासी कैरूआ मगरौनी जिला शिवपुरी (म.प्र.) बलवंत पुत्र रामचरण रावत उम्र 38 साल, ग्राम रिझारी, थाना तेंदुआ, जिला शिवपुरी (म.प्र.) भूपेन्द्र पुत्र रामस्व रूप रावत उम्र 24 साल, निवासी ग्राम फूलपुर थाना सीहोर, जिला शिवपुरी (म.प्र.)लोकपाल पुत्र भवानी सिंह यादव, उम्र 35 साल, निवासी ग्राम दबियाकलां, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी (म.प्र.) अनिल वैश पुत्र स्वत. त्रिलोकीनाथ वैश उम्र 50 साल निवासी आदर्श नगर थाना फिजीकल जिला शिवपुरी सियाराम पुत्र घनश्या.म उर्फ धंसू लोधी, उम्र 50 साल, निवासी ग्राम गौचोनी, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी (म.प्र.) हरजीत उर्फ रॉकी पुत्र रंजीत सरदार उम्र 30 नि. राठौर मोहल्लान शिवपुरी थाना कोतवाली शिवपुरी (म.प्र.) अजय उर्फ जिद्दी पुत्र रामसिंह लोधी, उम्र 27 साल, निवासी ग्राम गरैठा, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी (म.प्र.)शिवपुरी पुलिस द्वारा आगामी चुनावों के मद्देनजर अभी तक 85 आदतन अपराधियों पर जिला बदर एवं थाना अटैच करने की कार्यवाही के आदेश पारित कराये गये हैं ।

# पुलिस थाना इंदार द्वारा आरोपी को 315 बोर के कट्टे व दो जिंदा राउण्ड के साथ किया गिरफ्तार



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध हथियार रखने वालो के विरुध्द विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिया गये, इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में दिनांक 18.10.2023 को थाना प्रभारी इन्दार दिनेश सिंह नरवरिया को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति इन्दार नदी पुल के पास अवैध हथियार लिये खडा है । उक्त सूचना पर टीम गठित कर मुखबिर सूचना की तस्दीक की गई तो इन्दार नदी के पास एक व्यक्ति खडा मिला जिसे पकडकर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दिनेश पुत्र किशनलाल जाटव उम्र 32 साल निवासी ग्राम इन्दार का होना बताया तलाशी पर उक्त व्यक्ति से एक 315 बोर का कट्टा व दो जिन्दा राउण्ड मिले जिस पर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं अपराध क्रमांक 232/2023 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया है ।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी इन्दार दिनेश सिंह नरवरिया, सउनि बजरंग सिंह जादौन, प्र.आर.हरीसिंह, प्र.आर.वीरेन्द्र सिंह, आर.रवि कन्नोजी, आर. महेशसिंह,आर. सुनील कुमार भील की सराहनीय भूमिका रही है ।

# मां के स्कंदमाता स्वरूप की आराधना का पर्व है पंचम नवरात्रि

नवरात्र की पंचमी स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। स्कंदमाता का स्थान हमारे सूक्ष्म शरीर के पांचवें चक्र विशुद्धि चक्र पर होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं उन्हें मधुरता और साक्षी भाव का आशीर्वाद देती हैं। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर साधक इसका पाँचवें दिन इसका जाप करते हैं । या देवी सर्वभूतेषु माँ वाणी रूपेण, साक्षी रुपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। इस मंत्र के जाप के समय मन में भाव यही होना चाहिए कि हे माँ! सर्वत्र



विराजमान और स्कंदमाता के रूप में प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। हे माँ, मुझे सभी दोषी भावों से मुक्ति प्रदान करें, कर्मों में व वाणी में माधुर्य स्थापित कर पूर्णतया साक्षी बना दें। इस दिन साधक को मन विशुद्धि चक्र में स्थित होता है। नवरात्र के महत्वपूर्ण चक्रों के गुणों को अपने जीवन से जोड़ने के लिए हमें सातों चक्रों की जागृति हेतु इच्छा रखनी होगी। जब भी हमें लगे कि कहीं कोई समस्या है तो हमें ध्यान में जाकर अपनी उस समस्या को परमात्मा पर छोड़ने की कला सहज योग के माध्यम से सीखनी होगी। हमें आश्चर्य होगा कि हमें प्रार्थना भी नहीं करनी पड़ेगी, और हमारी समस्या पर हमें विजय भी प्राप्त हो जायेगी। सहज योग ध्यान एक सुरक्षा कवच के समान है जिसके अंदर हम पूर्णतया सुरक्षित रहते हैं। यही हमारे विशुद्धि चक्र का गुण है और यही साक्षी भाव भी। सहज योग के साधक ईश्वर के आधीन वैसे ही आश्वस्त हो जाते हैं जैसे प्रकृति पूर्णतया खामोश रहकर समयानुसार अपनी परिपक्वता को पाती है। हम अपनी उन्नति को महसूस करते हैं और प्रसन्नता पूर्वक जीवन व्यतीत करते हैं। इस अनूठी ध्यान पद्धति से जुड़ने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकत

# युवा मतदाता लोकतंत्र में अपनी अहम भूमिका निभाएं, शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं- सीईओ उमराव सिंह मरावी

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

## शिवपुरी जनपद में 101 बाइक से अधिकारी कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता रैली से 12 पंचायतों का किया भ्रमण




**शिवपुरी,** । विधानसभा निर्वाचन 2023 में अधिक से अधिक मतदाता अपना मतदान करें। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जिले में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने नित नए एवं अनोखे प्रयास किये जा रहे है, जिसमें एक शाम मतदाताओं के नाम, नुक्क? नाटक, बैलगा?ी रैली, 501 दीये मतदान केंद्र पर जलाकर शपथ दिलवाना, मतदाता जागरूकता संबधी पम्पलेट्स सिलिंडर मिठाई के डिब्बों के माध्यम से घर घर पहुँचाना हो, नवरात्री पर माता की झांकियो में जाकर सभी मतदातओं को शपथ दिलवाना हो कई गतिविधि हो रहीं हैं।इसी क्रम में गुरुवार को जनपद शिवपुरी में जनपद शिवपुरी आई। रैली में 175 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।सिंघनिवास पंचायत में सभी 175 अधिकारी कर्मचारियों एवं स्थानीय युवा मतदाताओं को जिला पंचायत के सीईओ ने मतदान का महत्व बताया एवं सभी युवाओ को लोकतंत्र के इस पावन यज्ञ में शामिल होने की अपील की एवं समस्त कर्मचारियों को अपनी अपनी पंचायत में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत स्तर पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप जिसमे सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा आदि शामिल है, इनकी मदद से अधिक से अधिक स्वीप गतिविधि करने के निर्देश सभी सचिव हते को दिए। अंत में सभी को मतदान की शपथ भी दिलवाई सिंघनिवास सेक्टर की 12 पंचायतों में बाइक रैली निकाली गयी, जिसका उद्देश्य युवाओ को मतदान के प्रति जागरूक करना है, इस रैली को जिला पंचायत के सीईओ उमराव मरावी एवं सीईओ जनपद गिर्राज शर्मा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो जनपद शिवपुरी के प्रांगण से शुरू होकर सिंघनिवास सेक्टर की सभी 12 पंचायतो को कवर करके वापिस

# चाचौड़ा विधानसभा में कांग्रेस को भाजपा एवं आप पार्टी से नुकसान होता दिखाई दे रहा है

रिपोर्टर -प्रतीश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे

मधुसूदनगढ़ विधानसभा सीट एक बार फिर न केवल चर्चा में है बल्कि यहां मुकाबला त्रिकोणीय होता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस ने वर्तमान विधायक लक्ष्मण सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। वही भाजपा से प्रियंका पेंची और भाजपा से पूर्व विधायक गद्दावर नेत्री ममता मीना जो कि आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी है। सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार अर्चना बल्लू चौहान बहुजन समाज पार्टी से टिकिट लाकर चुनावी संग्राम को रोचक बना सकते है। बल्लू चौहान अगर चुनाव लड़ते है तो कांग्रेस को नुकसान होगा ये तो तय है। कारण बताया जा रहा है की जनता के बीच कांग्रेस की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसके अलावा और भी कई फैक्टर हैं जो चाचौड़ा विधानसभा की राजनीति को और भी दिलचस्प बनाने वाले है। आने वाली 21 अक्टूबर से नामांकन पत्र दाखिल होना प्रारंभ होंगे त्रिकोणीय मुकाबला चतुर्कोणीय भी हो सकता है।

# मध्य प्रदेश में अगर कांग्रेस जीतेगी तो वजह होगी बीजेपी

इस समय मध्य प्रदेश में जो कांग्रेस की स्थिति है, वह आंतरिक कलह और संघर्ष की है. इसका मुजाहिरा माइक पर हो रहा है, सार्वजनिक समारोहों में हो रहा है, और यह एक पार्टी के लिए यकीनन चिंता का विषय होना चाहिए. संदर्भ के लिए हमें यह याद करना चाहिए कि 2018 में तो कांग्रेस जीत ही गयी थी, लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया जिस तरह से गए थे, उसका प्रभाव मतदाताओं पर बहुत अच्छा नहीं पड़ा था. चुनाव की घोषणा के बाद जो माहौल बना था, उससे यह दिखने लगा था कि कांग्रेस लाभ की स्थिति में नजर आ रही थी. उसके कारण भी थे. जैसे, भाजपा अगर डबल इंजन की बात करती है, उसके शिखर पुरुष अगर उपलब्धियों को अपना बताते हैं तो कुल मिलाकर 20 साल से तो मध्य प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है और केंद्र मे भी फिलहाल बीजेपी ही है. डबल इंजन के फायदों को अगर आप लेते हैं, तो जो एंटी-इनकम्बेन्सी है, सत्ता के खिलाफ जो गुस्सा है, उसको भी तो आपको ही झेलना होगा. इस बार मध्यप्रदेश में सबसे अधिक गुस्सा था, लोगों के मन में सत्ता के प्रति. शिवराज सिंह चौहान तीसरी और चौथी पारी में खासे अलोकप्रिय हो गए थे. ब्यूरोक्रेसी हावी हुई थी और करप्शन भी बहुत हुआ था. तो, कांग्रेस का चांस बढ़िया लग रहा था, अभी भी है, लेकिन कुछ दिनों पहले तक तो लगभग कर्नाटक जैसी स्थिति लग रही थी. वहां जो कामयाबी मिली थी, उसके रिपीट होने की बात हो रही थी. हालांकि, जब से कांग्रेस की सूची आयी है, जिस तरह से मतभेद उभर कर आए हैं और स्थानीय, प्रादेशिक और आलाकमान के स्तर पर जो गैप दिख रहा है, जो समन्वय की कमी दिख रही है, वह दिक्कत की बात है. पिछले कुछ दिनों से तो कांग्रेस बैकफुट पर आड़ी है. जैसे, कमलनाथ का जो बयान वायरल हो रहा है, वह बहुत अच्छे कैंडिडेट को टिकट नहीं मिलने पर आया है. वह अनुकूल अवसर भी था, क्योंकि यशोधराराजे सिंधिया ने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगी. कमलनाथ ने जो सार्वजनिक तौर पर उनको कहा कि जाकर दिग्विजय और उनके बेटे की धोती फाड़िए, तो वो एक मंझे हुए नेता का बयान तो नहीं है.इधर वचप-पत्र जारी हो रहा था, उधर माइक पर ही दिग्विजय और कमलनाथ के बीच कटाक्षों का लेन-देन शुरू हो गया. कमलनाथ ने कुछ कहा तो दिग्विजय ने कहा कि नॉमिनेशन फॉर्म पर साइन तो आपका ही है, कैंडिडेट तो आप ही तय कर रहे हैं, इस पर कमलनाथ ने कहा कि कुछ भी हो पर उन्होंने गाली खाने का पावर ऑफ अटार्नी तो दिग्विजय को ही दिया है. इस पर दिग्विजय ने बात समाप्त की कि अगर गाली ही खानी है, तो वह शिव की तरह गरल पी लेंगे. अब देखिए कि ये सब लाइव था, टीवी चैनल्स पर दिख रहा था, स्थानीय कार्यकर्ताओं में ये संदेश गया कि सभी कुछ ठीक नहीं है. मध्य प्रदेश में कांग्रेस संक्रमण-काल से गुजर रही है. मतलब यह है कि दिग्विजय ने उनके 10 वर्षों के मुख्यमंत्रित्व काल में इतनी अलोकप्रियता बटोर ली थी कि उनकी प्रदेश में पूरी उपस्थिति तो है, उनके कार्यकर्ता भी हैं, लेकिन हालत वही है कि अगर कांग्रेस आज यह घोषित कर दे कि जीतने पर दिग्विजिय सिंह मुख्यमंत्री होंगे तो कांग्रेस को एक चौथाई सीट न मिले. दूसरी तरफ, जब कमलनाथ की सरकार गयी तो बहाना भले ज्योतिरादित्य सिंधिया बने थे, लेकिन वह तो चले गए. सरकार के जाने की पृष्ठभूमि तो दिग्विजय सिंह ने बनायी थी. दिग्विजय और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच की अदावत भी किसी से छुपी नहीं है. फिर, कमलनाथ जब सीएम बने थे, तो उन्होंने दिग्विजय को फ्री-हैंड भी दिया था. उन्होंने दिग्विजय सिंह पर पूरा भरोसा किया और इसका एक कारण भी था. 1993 में जब सुभाष यादव कांग्रेस के सीएम बननेवाले थे तो अर्जुन सिंह के शिष्य होने के नाते दिग्विजय सिंह को सीएम बनवाने में कमलनाथ ने बड़ी मदद की थी. उससे भी पीछे जाएं तो अर्जुन सिंह को भी मुख्यमंत्री संजय गाँधी से कहकर कमलनाथ ने बनवाया था. कमलनाथ की उम्मीद थी कि वह दिग्विजय सिंह पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन ऐसा हुआ नहीं. तो, जब ऐसा नहीं हुआ. इस वजह से भी कमलनाथ की नाराजगी थी. उन्होंने इसी कारण हरेक जगह अपना अपर हैंड रखा. कई जगहों पर

## शिवपुरी पुलिस ने इनामी बदमास को अवैध हथियारों के साथ दबोचा

# पुलिस थाना दिनारा द्वारा 05 हजार रूपये के इनामी बदमाश को 06 अवैध हथियारों व राउण्डों के सिकंदरा नाका दिनारा से किया गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग करैरा श्री शिवनारायण मुकाती द्वारा चलाए जा रहे अवैध हथियार,अवैध मादक पदार्थो का आदान प्रदान,अवैध शराव,स्थाई एवं गिरफ्तारी वारण्टियों की धरपकड हेतु चलाए जा रहे अभियान के पालन में आज दिनाँक 19.10.2023 की रात्रि थाना प्रभारी दिनारा श्री संतोष भार्गव द्वारा मय फोर्स के इलाका गश्त कर अंतर्राजिय चैक पोस्ट नाका सिकन्दरा वैरियर दिनारा पर चैकिंग हेतु फोर्स तलव किया व नाका प्रभारी निरीक्षक अश्विन खरे आईटीआई एवं टीएसआई के.के.गोस्वामी को साथ लेकर सिकन्दरा वैरियर पर चैकिंग के दौरान मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति दतिया दिनारा रोड पर एक पिठू बैग टांगे हुये खडा हुआ है जिसमें वह व्यक्ति अधिक संख्या में अवैध हथियार कट्टे व राउंड रखे हुये है और वह उन कट्टो को बेचने के लिये रात में ले जा रहा है उक्त मुखविर सूचना पर हमराह फोर्स को अवगत कराकर मुखविर के वताये स्थान सिकन्दरा वैरियर चैक पोस्ट के पास दतिया दिनारा रोड तिराहा पर एक व्यक्ति पिठू बैग टांगे हुये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेरकर पकडा एवं उक्त व्यक्ति के पास टांगे हुये वैग को खोलकर चैक किया तो उसमें हाथ के बने हुये हथियार देशी कट्टे लोहे एवं पीतल के वैग में रखे थे जिन्हें गिनकर देखा तो कुल 06 कट्टे थे एवं बारह 315 बोर के जिंदा राउंड बैग में कट्टो के साथ रखे हुये थे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बाकर उर्फ बाखर खां पुत्र हवलदार खां उम्र 46 साल निवासी ग्राम ईंटारोरा थाना इंदरगढ जिला दतिया म.प्र. का होना वताया आरोपी के कब्जे से 06 देशी हाथ के बने हुये लोहे एवं पीतल के कट्टो को मय 12 जिंदा राउंड जिसमें एक कट्टे की कीमती करीब दस हजार रुपये 06 कट्टों की कीमती करीब 60,000/-रु. एक राउंड की कुल कीमत 150/- रु. बारह राउंड की कीमती 1800/- रु. कुल कट्टा राउंड की कीमत 61800/-रु. एवं आरोपी बाकर उर्फ



बाखर खां को मौके पर विधिवत गिरफ्तार किया गया उक्त व्यक्ति से विस्तृत पूछताछ की तो पता चला की उक्त आरोपी बाकर उर्फ बाखर खां पुत्र हवलदार खां निवासी ईंटारोरा थाना इंदरगढ का थाना दिनारा पर पूर्व से माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रं. 2062/16 एवं अप क्रं. 423/16 धारा 34(2) आवकारी एक्ट में स्थाई वारंट में गिरफ्तारी की आवश्यकता होने से एवं पूछताछ पर आरोपी द्वारा अन्य घटनायें थाना नरवर क्षेत्र में करना वताया है जिस पर से जानकारी प्राप्त की तो जानकारी प्राप्त हुई की आरोपी बाकर खां पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी द्वारा उदघोषणा इनाम /पु.अ. /शिव. /सी.आई.डी./ए.डी./26/23 दिनांक 08.02.2023 को अपराध क्रमांक 342/22 धारा 365 ता.हि. इजाफा धारा 364क , 394 ता.हि. 11/13 एम पी डी पी के एक्ट थाना नरबर जिला शिवपुरी एवं अपराध क्रमांक 423/2016 धारा 34(2) आवकारी एक्ट थाना दिनारा जिला शिवपुरी मे गिरफ्तारी हेतु आरोपी पर पांच हजार रुपये के इनाम की उदघोषणा इनाम घोषित की गई है । आरोपी शातिर बदमाश है व आरोपी से पूछताछ पर वताया गया कि वह जल्द की कोई गंभीर अपराध घटित करता अगर पकडा न जाता तो कई दिनों से अपराध करने की कोशिस में था। आरोपी बदमाश को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया जा रहा है।

उक्त शातिर फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किए जाने में थाना प्रभारी दिनारा श्री संतोष भार्गव, सउनि विनोद गौतम , सउनि विवेक भट्ट ,सउनि सुल्तान सिंह, नाका प्रभारी निरीक्षक अश्विन खरे आईटीआई ,टीएसआई के.के.गोस्वामी प्र.आर. 252 हिमांशु चतुर्वेदी,प्र.आर. 928 दीपक उपाध्याय ,प्र0आर0 498 अशोक तिवारी,प्र0आर0 401 सेवाराम पाण्डे,प्र0आर0 439 मृत्युजंय,आर0 323 योगेश मिश्रा, आर. 778 रामवीर बघेल,आर. 175 रमाशंकर मांझी ,आर. 747 मनोज यादव ,आर.133 सोनू साहू ,आर0 193 अरविंद मांझी,आर. 240 पीकेश कुमार , आर. 726 रामपाल जाट,आर. 267 विकास दुबे ,आर.777मनीष गोस्वामी,सै.276 धर्मपाल, की सराहनीय भूमिका रही है।

# एसपी डॉ. असित यादव ने कई थानों का किया औचक निरीक्षण



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव ने कई थानों का औचक निरीक्षण किया। श्री यादव सीएसपी कार्यालय,महिला थाना,कई थानों के अलावा शहर कोतवाली में भी गए जहां उन्होंने लायसेंसी शस्त्र जमा किये जाने की व्यवस्था देखी और वहां के स्टाफ से भी चर्चा कर सारी व्यवस्थाओं के बारे में जाना। एसपी असित यादव ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर लायसेंसी शस्त्रधारकों से शस्त्र जमा कराए जा रहे हैं,जो लोग समय से शस्त्र जमा नहीं कर पाएंगे उनके खिलाफ धारा 188 के अलावा अन्य जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी वह की जाएगी।एसपी श्री यादव ने कहा कि जो पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य करेगा उसे पुरुस्कृत किया जाएगा और जो कार्य के प्रति उदासीनता बरतेगा उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेंगी। पुलिस अधीक्षक श्री यादव ने जिले के सभी जिलेवासियों से अचार संहिता के नियमों का पालन करने की अपील की है।

# अन्तर्राज्यीय नाका पर एस.एस.टी. टीम व ऊमरी पुलिस ने 8.77 ग्राम स्मैक व एक मोटर सायकिल जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संजय सिंह के मार्ग दर्शन में 85000 रुपये कीमत की 8.77 ग्राम स्मैक व एक मोटर सायकिल जत कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 18/10/2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति उ.प्र. की ओर से काले रंग की बिना नम्बर की पल्सर मोटर सायकिल से स्मैक लेकर पाण्डरी होते हुए पिण्ड जाने वाला है मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से पाण्डरी नाका पर चैकिंग की चैकिंग के दौरान मुखबिर के बताये अनुसार एक काले रंग की बिना नम्बर की पल्सर मोटर सायकिल आती हुई दिखी जिसे मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति चला रहा था मोटर सायकिल को रोककर उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई जिसकी पेन्ट की जेब से एक काले रंग की पॉलीविन जिसके अंदर एक पारदर्शी पॉलीथिन जिसमें 8.77 ग्राम स्मैक कीमती 85000 रुपये मिली उक्त स्मैक व मोटर सायकिल को जम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 284/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया । गिरफ्तार शुदा आरोपी सोहिल खान पुत्र कल्लू खान उम्र 22 साल निवासी गीता भवन वाली गली थाना कोतवाली जिला भिंड से मादक पदार्थ स्मैक खरीदने व विक्रय करने के संबध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।जप्त मशरूका 8.77 ग्राम स्मैक कीमती 85 हजार रुपये,एक पल्सर मोटर सायकिल काले रंग की बिना नम्बर कीमती 70 हजार रुपये ।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा,डॉ.मनोज राय एसएसटी प्रभारी (पशु चिकित्साधिकारी भिण्ड ),उपनिरीक्षक मलखान सिंह,नितेंद्र मावई,आरक्षक भानु प्रताप सिंह,राहुल तोमर, कुलदीप सिंह,अमित बघेल,संतोष जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भिण्ड पुलिस द्वारा एक स्कॉर्पियों मय 13 पेटी देशी शराब के साथ आरोपी किया गिरफ्तार



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन पर आगामी चुनाव-2023 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था।मुखबिर की सूचना पर दिनांक 18/10/23 को एक स्कार्पियो गाडी क्र. एमपी 07 सीई 2683 सफेद रंग की उक्त गाडी में काफी मात्रा में शराब भरी है जो दबोह से लहार तरफ आ रही है, उक्त सूचना से मय फोर्स के रवाना होकर पहुंचे तो जेतपुरा रोड पर मुखबिर द्वारा बताये अनुसार एक स्कार्पियो गाडी आती दिखी जिसे सायबर सेल व थाना असवार की पुलिस टीम द्वारा रोका गया तभी स्कार्पियों को चेक किया तो गाडी में देशी प्लेन मंदिरा की 13 पेटियाँ खाकी रंग के कार्टून की भरी हुई मिली चालक से पूछा तो शराब के बारे में कुछ नहीं बता सका एवं शराब के संबंध में कोई कागजाद नहीं होना बताया वक्त 13 पेटियों कुल 117 लीटर शराब एवं स्कार्पियो गाड़ी कीमती 10 लाख 39 हजार रुपये की जप्त की गयी एवं आरोपी को गिरफ्तार कर थाना असबार में 34 (2) आबाकारी एक्ट का पंजीबद्य विवेचना में लिया गया आगे भी अवैध शराब के परिवहन विकी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

बरामद मशरूका एक स्कार्पियो गाडी सफेद रंग की एमपी 07 सीई 2683, 13 पेटी देशी शराब कुल बरामद माल - मशरुका की अनुमानित कीमत 10,39,000 ।

उक्त कार्य में थाना प्रभारी असवार वैभव तोमर, एसआई दीपेन्द्र यादव,एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर,महेश कुमार, सतेन्द्र यादव,आरक्षक आनन्द दीक्षित,राहुल यादव, यतेन्द्र राजावत,हरपाल, गजेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र,चालक और इन्द्रपाल जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# श्री क्षत्रिय सीरवी समाज (गोडवाड) सूरत की प्रथम नवीन कार्यकारिणी का गठन

दैनिक पुष्पाजंली टुड
नारायणलाल सेंणचा

**सूरत ।** श्री क्षत्रिय सीरवी समाज (गोडवाड) सुरत संस्था की दिनांक 16 तारीख(नवरात्रि बीज) पर आईमाता की भजन भक्ति और विशाल मीटिंग आयोजन हुआ, जिसमें सभी सीरवी बन्धुओ ने बढ़ चढकर भाग लिया। सबसे पहले आईमाता की भजन भक्ति से कार्यक्रम का आगाज़ किया, फिर बालाराम काग ने भादवी बीज के प्रोग्राम के आय व्यय का ब्योरा भी समाज के सामने प्रस्तुत किया, फिर सबसे पहले तमाम सीरवी बन्धुओ ने सर्व सम्मति से संस्था के 8 सलाहकारों की एक टीम बनाई गई और समाज ने सभी सलाहकारों का साफा और माला पहनाकर स्वागत भी किया, फिर सभी ने सर्वसम्मति से ही संस्था की पहली नवनिर्मित कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कमेटी के 29 सदस्य बनाये गये, सभी कमेंटी मैम्बर का भी



साफा और माला पहनाकर स्वागत भी किया गया, कमेंटी गठित करने के बाद संस्था के वरिष्ठतम व संस्था के सलाहकार चुन्नीलाल राठौड़, अध्यक्ष साहेब गमनाराम भायल, उपाध्यक्ष सुरेश काग, सचिव अरुण गेहलोत ने बारी बारी से संस्था को सम्बोधित भी किया और सभी ने तन मन धन से जुटकर संस्था को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। उसके बाद सह-सचिव पद पर गणेश बरफा, सह-कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल सोमतरा एवं व्यवस्थापक अशोक परिहार,सह व्यवस्थापक लालाराम परमार, लेखाधिकारी थानाराम आगलेचा, मिडिया प्रभारी प्रेमकुमार काग को न्यूक्त किया गया। सहलाकार चुन्नीलाल राठौड़, लुम्बाराम चोयल, दलाराम परिहार, पोमाराम गेहलोत, लालाराम काग, हकाराम राठौड़, हिराराम राठौड़, घीसाराम गेहलोत को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य गणेश राम परमार, रमेश कुमार सोलंकी, सुरेश कुमार काग,बगदाराम आगलेचा, शेषाराम भायल, नारायणलाल होम्बर, प्रभुराम परिहार, पुखराज परमार, नेनाराम काग,भरतकुमार बरफा, घीसुलाल गेहलोत, छोगाराम भायल, मगाराम भायल, मांगीलाल आगलेचा, सवाराम परमार, नारायणलाल काग, प्रविण कुमार परमार, मांगीलाल गेहलोत को न्यूक्त किया गया।

# सोहावल के मतदाताओं को दिलाई गई मतदान करने की शपथ

सतना भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधि के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के लिये विभिन्न गतिविधियां और नवाचार किये जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को जनपद सोहावल में नागरिकों को मतदान में हिस्सा लेने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत सोहावल के सीईओ प्रीतपाल बागरी एवं अन्य अधिकारियों ने मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान करने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि सभी मतदाता 17 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। मतदाताओं को जागरुक करने के लिये विकासखंड रामनगर की महिला स्व-सहायता समूह द्वारा जागरुकता कार्यक्रम गतिविधियां चलाई गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत रामपुर बघेलान में मतदाता जागरुकता की प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया।

## नव निर्मित सीरवी समाज भवन उद्घाटन की तैयारियां

# 26 अक्टूबर से शुरू होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

दैनिक पुष्पाजंली टुडे
नारायणलाल सेंणचा

**बेंगलूरू।** इलेक्ट्रॉनिक सिटी दोड्डातोगुरू स्थित नव निर्मित समाज भवन के उद्घाटन एवं श्री आईमाताजी की तस्वीर तथा अखंड ज्योति स्थापना महोत्सव 26 अक्टूबर से शुरू होगा। इस नवनिर्मित भव्य शिखरबद्ध आईमाताजी भवन में श्री आईमाताजी की तस्वीर स्थापना अखंड ज्योत की स्थापना जाजम स्थापना व भवन उद्घाटन कार्यक्रम 26 अक्टूबर गुरूवार को आई पंथ के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह व अन्य संत महात्माओं के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर अनेक अतिथियों की भी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के तहत 26 अक्टूबर गुरूवार को प्रात~ गौधुलिक वैला में हवन पूजा पाठ जाजम स्थापना से कार्यक्रम का आगाज होगा। 27 अक्टूबर शुक्रवार को प्रात~ ब्रह्म मुहूर्त की वैला में हवन, पूजा पाठ एवं अन्य अनुष्ठान होगे। रात्रि में राजस्थान के मशहूर गायकों द्वारा भजनों की प्रतुतियां दी जाएगी। भजन संध्या में विभिन्न



चढ़ावे की बोलियां का क्रम सुचारू रूप से चलेगा। शनिवार को प्रात~8 बजे से धर्मगुरू दीवान साहब का बधावा भव्य बधावा वरघोड़ा शोभायात्रा कलश यात्रा निकाली जाएगी। शुभ मुहूर्त में सीरवी समाज भवन का उद्घाटन धर्मगुरू दीवान साहब के साथ लाभार्थी परिवार द्वारा किया जाएगा। अलसुबह माताजी की तस्वीर व अखंड ज्योति स्थापना विधि विधान पूर्वक सपन्न होगी।दोपहर 1बजे से धर्मसभा एवं दीवान का आशीर्वचन एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा। हवन पूजन इत्यादि कार्यक्रम विधि-विधान से पंडित रवि महाराज चेन्नई के निर्देशन में अनेक उपाचायों के द्वारा संपन्न कराए जाएगे। धर्मगुरू दीवान के सानिध्य में होने वाले इस कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सीरवी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पाली सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी , डी.के.सुरेश सांसद बेंगलूरू ग्रामीण, कृष्णापा विधायक बेंगलूरू साऊथ, धर्मेद्र सीरवी सीनियर कोचिंग रेल्वे डिपो अधिकारी यशवंतपुर एवं वीरमराम सोलंकी अध्यक्ष सीरवी महासभा कर्नाटक, फाऊलाल परिहारिया अध्यक्ष एस.आर लेआउट वडेर उपस्थित रहेगे। इस महोत्सव में सीरवी समाज इलेक्ट्रॉनिक ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एवं भवन निर्माण समिति ट्रस्टीगण, नवयुवक मंडल, महिला मंडल गैर मण्डल एवं समाज के गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

# विधानसभा चुनाव मद्देनजर रखते हुए लगाए गए चेकिंग पॉइंट

दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता मालनपुर

विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर रखते हुए जिला भिंड निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव की निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक असित यादव ने भिण्ड जिले की सीमाओं पर लगाये चेकिंग पॉइंट जो ग्वालियर से आने वाले एवं मुरैना जिले से आने वाले वाहनों की की जाएगी चेकिंग



मध्य प्रदेश विधानसभा 2023 की चुनाव घोषणा होने के बाद से चुनाव निर्वाचन अधिकारी द्वारा भिंड जिले की सीमा सभी सीमाओं पर चेकिंग पॉइंट लगा दिए हैं जिसमें नेशनल हाईवे 719 परिवहन चेक पोस्ट पर ग्वालियर की ओर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जाएगी दूसरा चेक पॉइंट सी जी पावर कंपनी मुरैना जिले की सीमा से आने वाले और जाने वाले सभी बहनों रिठौरा रोड और आर टी ओ चेक के पास बनाया गया है दोनों चेक पॉइंट पर 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगा थाना प्रभारी मालनपुर डॉक्टर संतोष यादव की निगरानी में रहेगा अवैध हथियार अवैध शराब नगद केस गाड़ी में काली फिल्म सायरन हुटर इत्यादि पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी यह जानकारी थाना प्रभारी डॉक्टर संतोष यादव द्वारा दी गई है

# दबोह के वार्ड नम्बर 04 में काँग्रेस को मिला भारी जन समर्थन,बोले काँग्रेस पार्टी 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा प्रत्येक परिवार को देगी



अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**दबोह-** नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में बार्ड नम्बर 04 में काँग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष राजकुमार शर्मा मौजूद रहे।इस मौके पर काँग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा इस बार दबोह में जिस तरह काँग्रेस को समर्थन में मिल रहा है मुझे उम्मीद है कि काँग्रेस दबोह में पांच हजार बोटो से जीतेंगी।वही उन्होंने कांग्रेस पार्टी की योजनाओ के सबंध में जानकारी देते हुए बताया की किसानों को अपने खेतों में आवारा जानवरों से फसलो को बचाने के लिए तार फेंसिंग के लिए सरकार आधा पैसा खर्च करेगी।किसानों का 2 लाख का कर्जा माफ करेंगी,प्रत्येक परिवार को 25 लाख का स्वास्थ बीमा मुफ्त मिलेगा।इस मौके पर काँग्रेस पार्षद हाकिम सिंह चौधरी द्वारा पार्टी के नेताओ का स्वागत किया गया और पार्टी के कार्यकर्ताओ के साथ दबोह नगर को भारी बहुमत के साथ जीत दिलाने के लिए संकल्प लिया काँग्रेस के प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू बकील ने कहा नेता प्रतिपक्षडॉ गोविन्द सिंह 8 वी बार चुनाव जीतने जा रहे है मेरा दावा है कि इस बार 20 हजार से डॉ गोविंद सिंह चुनाव जीतेंगे।अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र दुधारिया ने कहा इस बार कांग्रेस की सरकार में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह के प्रयास से दबोह के विकास में नया अध्याय लिखा जायेगा।कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ ओपी सिंह कौरव राजा भैया पाल ने मोदी सरकार के घोटालो को उजागर किया कमलनाथ के बचन पत्र को लेकर कहा कि बिकलांग भाइयो को दो हजार रुपये प्रति माह पेंसन मिलेगी,बेरोजगार युवाओं को 3 हजार रुपये रो?गार भत्ता मिलेगा।इस मौके पर कार्यक्रम का सफल संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपनारायन खटीक ने किया।आभार पूर्व पार्षद सनाउल्ला खान ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रुप से किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह गुर्जर,पार्षद दिनेश कौरब,मुन्ना सिंह कौरव,मंडलम प्रभारी सुरेश कौरव,महामंत्री रामाधर सरा? ने संबोधित किया।इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनधि राजेंद्र खेमरिया,काँग्रेस नेता दशरथ बाबू जी ,लालता प्रसाद चोधरी,अरविन्द उदैनिया, पार्षद सुधीर तिवारी,संजू गुप्ता पार्षद शेरे पठान ,पार्षद माधव यादव, ,पार्षद मेहताव दोहरे,नारायण सिंह दोहरे, पार्षद पप्पू पाल गोविन्द सिंह पाल,पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रफीक खान,काँग्रेस नेता महेंद्र रोनी,पूर्व युबक कांग्रेस अध्यक्ष नफीस पठान,पार्षद श्री दुर्गा सिंह राठौर,युबक काँग्रेस अध्यक्ष सद्दाम काजी,सेवादल कांग्रेस से म?बूल खान,आइटी सेल ब्लॉक अध्यक्ष अनीस अहमद,एन.एस.यू आई ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार कुशबाहा , मुबीन पठान,हाकिम जाटव,फरियाद पठान,करू पठान,अरवाज खान,समस्त मंडल प्रभारी,सेक्टर प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यकर्त्ता और वार्डवासी मौजूद रहे।



# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण

खरगोन जिले से मुन्ना खान
पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने आज 19 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय खरगोन का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहन सिंह सिसोदिया एवं सिविल सर्जन डॉ अमर सिंह चौहान भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी, डायलिसिस यूनिट, नेत्र वार्ड, सीटी स्केन सेंटर का निरीक्षण किया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि वे अस्पताल परिसर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को अच्छी सुविधायें मिलना चाहिए। अस्पताल में डाक्टर्स एवं अन्य स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। कहीं से भी शिकायत नहीं मिलना चाहिए कि अस्पताल में समय पर चिकित्सक उपस्थित नहीं रहते हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों की बैठक व्यवस्था बनायी जाये, जिससे उन्हें परेशानी ना हो। जिला चिकित्सालय की डायलिसिस यूनिट के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यूनिट में 06 मशीनें हैं और डायलिसिस कराने वालों की वेटिंग (प्रतिक्षा सूची) 54 है। इस यूनिट में और मशीनें लगाये जाने की आवश्यकता है। पहले यह यूनिट दो शिफ्ट में काम करती थी, मरीजों की वेटिंग को दृष्टिगत रखते



हुए अब इसे तीन शिफ्ट में डायलिसिस करना प? रहा है। इस पर कलेक्टर श्री शर्मा ने एनटीपीसी से चर्चा कर सीएसआर मद से जिला चिकित्सालय में अतिरिक्त डायलिसिस मशीनें उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र ही कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने जिला चिकित्सालय में प्रति माह होने वाले प्रसवों की औसत संख्या की जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रसव के उपरांत महिलाओं को दी जाने वाली प्रसूति सहायता राशि के वितरण में विलंब नहीं होना चाहिए। नेत्र वार्ड के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि जिला चिकित्सालय में हर माह औसतन 22 ऑपरेशन हो रहे हैं और अक्टूबर से जनवरी माह में ऑपरेशन कराने वाले मरीजों की संख्या ब? जाती है।

**मरीजों को दिया जा रहा भोजन खा कर देखा-** कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने आज 19 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय खरगोन के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मरीजों को प्रतिदिन दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने मरीजों को दिए जा रहे हैं भोजन की जानकारी ली और मरीजों से पूछा कि उन्हें पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता का भोजन मिल रहा है या नहीं। इसके बाद उन्होंने मरीजों को वितरित किए जा रहे भोजन में से स्वयं रोटी और सब्जी खाकर भोजन का स्वाद चखा और गुणवत्ता देखी और वह इससे संतुष्ट भी हुए। मरीज भी इस दृश्य को देखकर चकित हुए और खुश भी हुए कि कलेक्टर ने मरीजों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर संवेदनशीलता दिखाई। कलेक्टर श्री शर्मा ने इस दौरान निर्देशित किया कि मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और सफाई अच्छी रहना चाहिए। इससे किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियारो का निर्माण कर सप्लाय करने वाले माफियाओ के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

खरगोन जिले से
मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

**मुखबीर सूचना पर दो पृथक-पृथक प्रकरणों मे आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही**

**कुल 23 अवैध फायर आर्म्स पुलिस द्वारा जप्त**

**अवैध हथियार तस्करी मे प्रयुक्त एक कार व मोटर साइकल भी जप्त**

**अवैध हथियार व जप्त वाहनों की कुल कीमत करीबन 14.5 लाख रुपये**

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता जी एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी जी द्वारा अवैध हथियारों के निर्माण एवं अवैध खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना गोगांव द्वारा अवैध हथियारो का निर्माण कर सप्लाय करने वालो माफियाओ के विरुद्ध कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरण -** दिनांक 18.1023 को थाना गोगावां पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हाथ से बनी हुई अवैध पिस्टल को बेचने के लिए दो सिकलीगर अपाचे मोटर साइकल से गढ़ी मेन रोड़ तरफ से जाने वाले है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधीकारी श्री राकेश आर्य एवं थाना प्रभारी गोगांवा करणसिंह परमार एव उनि.प्रवीण आर्य के नेतृत्व मे पुलिस टीम



मुखबिर के बताए स्थान गौशाला के पास गढ़ी मेन रोड़ ग्राम दसनावल पर पहुची । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए हुलिये के अनुसार मोटर साइकल अपाचे क्रं. एमपी 04 क्यू 4630 के सवारों को रोका तो एक व्यक्ति भाग गया व पक? मे आए व्यक्ति से उसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम निर्मलसिंह पिता अमृतसिंह सिकलीकर उम्र 26 साल निवासी ग्राम पाचोरी थाना खकनार जिला बुरहानपुर बताया तथा भागने वाले व्यक्ति के बारे मे पूछने पर उसका नाम उपकार पिता वीरपालसिंह निवासी सिगनुर बताया । निर्मलसिंह की तलाशी लेने पर उसके पास से 18 नग अवैध पिस्टल मिले । उक्त पिस्टल रखने के संबंध मे लाइसेंस व दस्तावेज के बारे मे पूछने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया । आरोपी निर्मलसिंह से अवैध 18 नग पिस्टल व अपाचे मो.सा. जप्त कर गिरफ्तार किया गया ।

इसी प्रकार एक ओर अन्य घटना मे दिनांक 16.10.23 को मुखबिर सूचना पर उपनिरीक्षक प्रवीण आर्य एवं थाना स्टाफ द्वारा ग्राम बिलाली दसनावल फाटा के पास से एक कार मे सवार सिकलीगर तनमनसिह पिता शलोकसिह भोण्ड जाति सिकलीकर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर को 05 अवैध देशी पिस्टल के साथ पक?ा । जिसने बताया की अवैध पिस्टल ब?वानी जिले के मंगलसिंह निवासी उण्डीखोदरी पलसुद को देने जा रहा था। आरोपी तनमनसिंह के कब्जे से 05 अवैध पिस्टल सहित घटना मे प्रयुक्त कार जप्त कर गिरफ्तार किया गया । दोनों घटनाओ मे आरोपियों के विरुद्ध थाना गोगावा मे पृथक-पृथक अपराध क्र 474/23 एवं 479/23 धारा 25 (1) आर्म्स अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिए गये तथा आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। फरार आरोपियों की गिर?्तारी के प्रयास लगातार किए जा रहे है।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी**

1.निर्मलसिंह पिता अमृतसिंह सिकलीकर उम्र 26 साल निवासी ग्राम पाचोरी थाना खकनार जिला बुरहानपुर

2.तनमनसिह पिता शलोकसिह भोण्ड जाति सिकलीकर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर

फरार आरोपी

1.उपकार पिता वीरपालसिंह निवासी सिगनुर

2.मंगलसिंह निवासी उण्डीखोदरी पलसुद

पुलिस टीम

उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव श्री राकेश आर्य, थाना प्रभारी गोगांवा करणसिंह परमार, उनि.प्रवीण आर्य के नेतुत्व मे सउनि अमजद खान प्रआर 21 किशोर पाटीदार, अनिल बामनिया, प्रआर 668 दिनेश मण्डलोई, आर 17 अखिलेश मुकेश, आर 277 हेमन्त सपकाले, आर1009 जितेन्द्र कौरव, आर 907 रावेन्द्र, आर 947 संतोष बामनिया प्रआर. 418 भोला प्रसाद द्विवेदी, आर विनोद यादव व सायबर सेल टीम खरगोन का विशेष योगदान रहा ।

# आत्म हत्याओ के बड़ रहे मामले , तनाव , कर्ज , पारिवारिक कारण बन रहे वजह

पुष्पांजलि टूडे रिर्पोटर
अभिषेक कुशवाह
7354526108

**सिरोंज।** आज प्रतिदिन अखबार के किसी न किसी पेज पर आत्महत्या की खबर पडने को मिल ही जाती है युवा ,वयस्क ,पुरूष , महिला आखिर न जाने क्या कारण है कि आत्म हत्या जैसा कदम सहजता से उठा लिया जाता है , शायद यह सहज भी हो लेकिन उस परिवार की पीड़ा उस परिवार का दर्द निश्चित ही असहनीय होता है जिस गति से आज के समय में आत्महत्यायें बड रही ही निश्चित ही यह एक विचारणीय विषय बन गया है पुलिस प्रशासन अपनी कार्यवाही कर देता है ज्यादा से ज्यादा आत्महत्या की वजह पता चल जाती है लेकिन कल फिर से कोई ना कोई खबर छ्प जाती है इससे ज्यादा कुछ नही, क्या ऐसा नही लगता है कि आज समाज को जहां प्रत्येक सामाजिक विषय पर जागरूक करने के लिये अभियान चलायें जाते है वहीं इस गंभीर मुद्दे पर भी यदि कोई अभियान चलाया जायें तब संभवतः कुछ हद तक जागरूकता के माध्यम से इस समस्या के समाधान तक पहुंचने का एक रास्ता बनाया जा सकता है।हर आत्महत्या दुखद होती है, लेकिन हर मामले में कुछ न कुछ रहस्य छिपा होता है। लेकिन हर आत्महत्या के पीछे एक ठोस वजह होती है और वह है मन में निराशा की गहरी भावनाओं का घर कर जाना। कई बार लोगों को ऐसा लगता है कि वह जिंदगी और हालातों से पैदा हुई चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे या उन समस्याओं का समाधान नहीं तलाश पाएंगे। इन हालातों से घबराकर लोग आत्महत्या करने को ही एकमात्र समाधान समझ लेते हैं जबकि समस्या वाकई अस्थायी होती है। जिंदगी कितनी खूबसूरत है, इस बात को उन लोगों से मिलकर समझा जा सकता है जिन्होंने आत्महत्या की कोशिश की थी और बच गए। आत्महत्या की भावना से उबरने के बाद उन्होंने जिंदगी को पूरी शिद्दत से जिया और कभी आत्महत्या के अंधे रास्ते की तरफ रुख नहीं किया।

**आत्म हत्या का सबसे बडा कारण तनाव** – इसका सबसे बड़ा कारण अवसाद (डिप्रेशन) है। आज कल की भागदौड की जिंदगी में इंसान को इंसान से कमियों और खूबियों से तौला जाना इसका प्रमुख कारण है। व्यक्ति को उसके इच्छा के अनुरूप चीजें नही मिलती, तब वह डिप्रेशन का शिकार हो जाता है और वह ऐसे कदम उठाने को मजबूर हो जाता है मगर यदि हम उन लोगो की बात करें जिनका अभी छात्र जीवन चल रहा है और वह इस प्रकार के कदम उठा ले तब ऐसा लगता है कि इतनी छोटी उम्र में इतना तनाव आखिर परिवार उन चीजो को कैसे नजर अंदाज करता रहा है आज घटना घटित होने बाद परिवार के पास भी सिर्फ आंसू बहाने के आलावा कुछ नही रहता है ।

सुसाइड की राह पर बढ़ने का सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों को होता है जो डिप्रेशन के दौर से गुजर रहे हैं। आज के समय में पारिवारिक तनाव, बैड रिलेशनशिप या ब्रेकअप की वजह से आत्महत्या करने वाले लोगों की बढ़ी संख्या है। लेकिन ऐसे लोगों को ये समझना चाहिए कि, समस्या उनकी बैड रिलेशनशिप है, उनकी अपनी लाइफ नहीं। तो, गुस्सा अपने अनमोल जीवन को खत्म करने की ओर नहीं मोड़ना चाहिए।इसके अलावा साइकैट्रिक डिसऑर्डर के शिकार, नशीले पदार्थों के आदी, लंबी बीमारी या असहनीय दर्द सह रहे लोग, आत्महत्या के पारिवारिक इतिहास और पहले सुसाइड की कोशिश कर चुके लोग भी आसानी से आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। नाबालिगों या किशोरावस्था में की जाने वाली आत्महत्या के लिए ज्यादातर उतावलापन या भावुकता से भरपूर भावनाएं ही जिम्मेदार होती है।अगर ऊपर लिखे लक्षणों में से किसी एक से परेशान इंसान की मनोदशा में अचानक कोई ब?ा परिवर्तन आ जाए या फिर उन्हें अचानक किसी सदमे को झेलना पड़े तो वो आत्मघाती हो सकते हैं। आत्महत्या से पहले ज्यादातर लोग दूसरों पर बोझ बन जाने या फिर जिंदगी जीने के मकसद और उद्देश्य के बारे में बात करना शुरू कर देते हैं। कई बार खुद को उलझन से न निकाल पाने की कमजोरी ही इंसान के लिए प्राणघातक होती है।

**आत्महत्या जैसा निर्णय अचानक नही लिया जाता**–धिकांश केसो का अध्ययन बताता है कि आत्महत्या जैसा निर्णय एक दिन में या अचानक लिया गया निर्णय नही होता है बल्कि इस विचार रूपी बीज महीनो से मन में प्रस्फुटित होता रहता है विशेषकर किशोरो के केस में यदि परिवार जन या उनके इष्ट मित्र उनकी समस्या को समझ कर या उस कारण को जानकर जो तनाव को जन्म दे रहा है उसको को दूर करने की योजना या फिर



इस अवसाद से ग्रसित व्यक्ति को जीवन जीने या जीवन के सकारात्मक पहलुओ से अवगत कराया जायें तो संभव है कि कुछ हद तक इस प्रकार के केसो में कमी देखने को मिल सकती है ।आज कल कई परिवारो में तो ऐसा भी देखना में आता है कि पिता पुत्र से बात नही करता है , भाई बहन से बात नही करती , मां बेटी से बात नही करती और जबकि परिवार में साथ रहते है ऐसी परिस्थितियो में यदि परिवार का कोई सदस्य किसी समस्या से जूझ रहा है और यदि उसकी समस्या को जानने के लिये यदि परिवार जन उससे कोई बात नही कर रहे है तब उस समस्या से बनने वाला तनाव और बडा रूप लेकर एक दुखद घटना का कारण बनता है ।

**तनाव से ग्रसित लोगो को कहां मिलेंगी खुशी** –गर सहित ग्रामीणो क्षेत्रो किशोर , युवा ,महिला , पुरूष सभी वर्गो में आज तनाव देखने को मिल रहा है हालांकि कारण अलग अलग हो सकते है जैसे किशोर अवस्था में पडाई को लेकर चिंता तो युवा अवस्था में रोजगार दापंत्य जीवन में रिश्तो में चल रहा उतार चडाव निश्चित ही तनाव को बडाने वाला होता है लेकिन फिर भी यदि इस तनाव को दूर करने या जीवन की कोई ऐसी समस्या जिसका निदान संभव नही हो पा रहा है उस पर यदि परिवार जन , मित्रजन , स्नेही जन संबधित व्यक्ति की समस्या के समाधान को उसकी खुशी के लिये कोई प्रयास हो तो संभवतः अच्छे परिणामो की आशा की जा सकती है वैसी भी ऐसी कोई समस्या नही है जो जीवन से भी बडी हो उस समस्या के द्वारा जन्म लेने वाला तनाव वाकई इतना बडा हो जाता है कि व्यक्ति आत्महत्या जैसा बडा कदम उठा लेता है ।

**क्या कहते है आंकडे** – राष्टीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में एक ब?ा खुलासा हुआ है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में हर 4 मिनट में कोई एक अपनी जान दे देता है और ऐसा करने वाले तीन लोगों में से एक युवा होता है. यानी देश में हर 12 मिनट में 30 वर्ष से कम आयु का एक युवा अपनी जान ले लेता है. एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड्स इन इंडिया'शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते साल 2021 में 1,64,033 लोगों की मौत सुसाइड से हुई. इसमें दिहा?ी मजदूरों की सुसाइड का हिस्सा एक चौथाई रहा. यानी पिछले साल देश में आत्महत्या करने वाला हर चौथा व्यक्ति दिहा?ी मजदूर था. भारत में 2021 में आत्महत्या के कारण 1.64 लाख से ज्यादा मौतें दर्ज की गई. लगभग 450 दैनिक और हर घंटे 18 सुसाइड के मामले सामने आए, जो अब तक के सबसे ज्यादा आत्महत्या के मामले हैं. आत्महत्या से मरने वालों में लगभग 1.19 लाख पुरुष, 45,026 महिलाएं और 28 ट्रांसजेंडर थे ।

**आत्महत्या के मामले में तीसरे नंबर पर है मध्यप्रदेश**–रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में सुसाइड के सबसे अधिक 22,207 मामले महाराष्ट्र में दर्ज किए गए. इसके बाद तमिलनाडु में 18,925, मध्य प्रदेश में 14,956, पश्चिम बंगाल में 13,500 और कर्नाटक में 13,056 मामले दर्ज किए गए. केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में सबसे ज्यादा 2,840 सुसाइड के मामले सामने आए. रिपोर्ट के अनुसार, सुसाइड की दर (यानी प्रति एक लाख जनसंख्या पर सुसाइड की घटनाएं) 12 दर्ज की गई. साल 2020 में सुसाइड की दर 11.3 थी और 2019 में 10.4 थी. (सभी आंकड़े एन सी आ बी रिपोर्ट 2021 और गूगल से कॉपी किए गए हैं)

# मणिपुर में स्थिति क्यों नहीं हो रही सामान्य, राजनीतिक जवाबदेही से ज़्यादा बीरेन सिंह सरकार को है छवि की चिंता



मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा की शुरूआत हुए 5 महीने से ज़्यादा का वक़्त बीत चुका है. उसके बावजूद मणिपुर में हालात अभी तक सामान्य नहीं हो पाया है. हिंसा की घटनाएं ज़रूर कम हुई हैं,लेकिन वहाँ के दो प्रमुख समुदाय मैतेई और कुकी के बीच तनाव की स्थिति कमोबेश वैसी ही है.बीच-बीच में हिंसक घटनाओं की तस्वीरें सामने आती रहती हैं. तस्वीरों के साथ ही हिंसक घटनाओं का वीडियो भी वायरल होते रहता है, जिसको लेकर सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों पर अलग-अलग दावे भी होते हैं. अभी एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें स्पष्ट तौर से देखा जा सकता है कि भीड़ में से चंद लोग दो युवकों को गोली मार कर उनके शव को एक गड्ढे में दफ़ना रहे थे. यह घटना कहाँ की है और शव को किस जगह पर दफ़नाया जा रहा है, इसकी जानकारी वीडियो में नहीं थी.मणिपुर में स्थिति क्यों नहीं हो पा रही सामान्य?मणिपुर से बाहर के लोगों को पिछले 5 महीने से मणिपुर के हालात के बारे में ज़्यादा जानकारी इस तरह के तस्वीरों और वीडियो से ही मिलती रही है. इन 5 महीनों में मणिपुर की हालत कितनी बदली है, माहौल सामान्य हुआ है या फिर तनाव का स्तर कमोबेश पहले जैसा ही है, इन सारे सवालों के जवाब इस तरह की तस्वीरों और वीडियो से कुछ हद कर जाते हैं. स्थिति में सुधार के सरकारी दावों की भी कलई इन तस्वीरों और वीडियो से खुल जाती है. मणिपुर में जिस तरह का माहौल है, हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है,उससे इतना तो ज़ाहिर है कि मणिपुर में कानून व्यवस्था अभी भी दयनीय स्थिति में है.

# तेलंगाना चुनाव में केसीआर के वर्चस्व और कांग्रेस के विस्तार से बीजेपी के मिशन साउथ को लग सकता है एक और झटका




इस साल अब 5 राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधान सभा चुनाव होना है. चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख़ों का एलान कर दिया है. मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर, मिजोरम में 7 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा. वहीं छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में वोट डाले जाएंगे. इन पांचों राज्यों में मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी.इन राज्यों की सत्ता पर क़ाबिज़ होने के लिए तमाम राजनीतिक दल चुनावी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं. इन पाँच राज्य में से तेलंगाना का चुनाव इस बार कई कारणों से ख़ास है. जिन 5 राज्यों में नवंबर में मतदान होना है, उनमें तेलंगाना ही एकमात्र दक्षिण भारतीय राज्य है. आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना 2 जून 2014 के नया राज्य बना था. तेलंगाना विधान सभा में कुल 119 सीट है और यहां कम से कम 60 सीट हासिल कर ही सत्ता की कुर्सी पर बैठा जा सकता है.

प्रदेश की राजनीति में मजबूती से दख़ूल बढ़ा रही बीजेपी दूसरी धुरी है. मिशन साउथ के नज़रिये से बीजेपी के लिए तेलंगाना का महत्व और भी बढ़ गया है. इस साल मई में कर्नाटक में कांग्रेस से बुरी तरह से मात खाने के बाद बीजेपी वहां की सत्ता खो चुकी है. अब पुडुचेरी को छोड़ दें, तो दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की सत्ता बीजेपी के पास नहीं रह गयी है. दक्षिण भारतीय राज्यों में बीजेपी की उम्मीदें अब तेलंगाना में प्रदर्शन पर ही टिकी है.

तेलंगाना की राजनीति में तीसरी धुरी कांग्रेस है.जब से आंध प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना नया राज्य बना है, यहां की स्थिति दयनीय होती गयी है. केसीआर का वर्चस्व स्थापित होने से पहले संयुक्त आंध्र प्रदेश में एक वक़्त था, जब तेलंगाना का इलाका राजनीतिक पकड़ के लिहाज़ से कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था. आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के सामने पुरानी राजनीतिक हैसियत को दोबारा हासिल करने की चुनौती है.

इन तीनों दलों के अलावा तेलंगाना की राजनीति में एक और महत्वपूर्ण कड़ी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन या%नी एआईएमआईएम भी है. हालांकि एआईएमआईएम का प्रभाव हैदराबाद और उससे लगे इलाकों तक ही सीमित है.तेलंगाना के इलाकों में संयुक्त आंध्र प्रदेश के समय में तेलुगू देशम पार्टी का भी राजनीतिक प्रभाव हुआ करता था. हालांकि अलग राज्य बनने के बाद अब टीडीपी का यहां की राजनीति में कोई ख़ास प्रभाव नहीं रह गया हअलग राज्य बनने के बाद तेलंगाना में दूसरी बार विधान सभा चुनाव होने वाला है. इस चुनाव को लेकर तीन महत्वपूर्ण सवाल या कहें पहलू हैं. पहला सवाल है कि क्या के. चंद्रशेखर राव की फिर से सत्ता में वापसी होगी और वे लगातार तीसरी बार प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने में कामयाब होंगे. दूसरा सवाल इसी के उलट है. क्या तेलंगाना में केसीआर के वर्चस्व को ध्वस्त कर प्रदेश की सत्ता में आने की बीजेपी की ख़्वाहिश पूरी हो पायेगी या फिर जो उम्मीदें 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद बीजेपी को लेकर बँधी हैं, उस पर पानी फिर जायेगा. तीसरा सवाल कांग्रेस के विस्तार से जुड़ा है. क्या कांग्रेस फिर से वहीं राजनीतिक हैसियत हासिल कर पाएगी, जो तीन दशक पहले थी. इन्हीं तीन सवालों के इर्द-गिर्द तेलंगाना का पूरा चुनाव घूमता है. इन सवालों का जवाब तलाशने के लिए तेलंगाना की राजनीति को समझना होगा.सबसे पहले बात करते हैं कि अलग राज्य बनने के बाद से ही तेलंगाना में केसीआर और उनकी पार्टी को लेकर कैसा माहौल रहा है. जून 2014 में अलग राज्य बनने के बाद से ही तेलंगाना की राजनीति और सत्ता पर केसीआर का एकछत्र ?ब?ा है. तमाम प्रयासों के बावजूद अब तक न तो कांग्रेस और न ही बीजेपी केसीआर के सामने मज़बूत चुनौती पेश कर पाई है, जिससे प्रदेश में बीआरएस को लेकर ख़तरा पैदा हो सके. अभी भी कमोबेश हालात में कुछ ख़ास बदलाव नहीं दिख रहा है.तेलंगाना को अलग राज्य बनवाने में उनकी भूमिका सबसे प्रभावी और ज़्यादा रही है. यह हम सब जानते हैं. के. चंद्रशेखर राव दो जून 2014 से ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री हैं. अपनी पार्टी से तेलंगाना राज्य की अस्मिता को जोड़ते हुए उन्होंने अब तक विरोधी दलों का पैर प्रदेश में जमने नहीं दिया है.जैसे ही नया राज्य बना, तेलंगाना में सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण केसीआर मुख्यमंत्री बनते हैं. इसके बाद अपना कार्यकाल पूरा होने से 9 महीने पहले ही 6 सितंबर 2018 में मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने का फ़ैसला कर सबको चौंका देते हैं. इसके बाद तेलंगाना में पहला विधान सभा चुनाव दिसंबर 2018 में होता है. जब चुनाव नतीजे सामने आते हैं, तब समय से पहले चुनाव में जाने का केसीआर का फ़ैसला उनकी पार्टी के लिए ऐतिहासिक साबित होता है.विधान सभा चुनाव, 2018 में केसीआर की पार्टी 119 में से 88 जीत जाती है. टीआरएस क़रीब-क़रीब तीन चौथाई बहुमत हासिल कर लेती है. साझा आंध्र प्रदेश के रहते अप्रैल-मई 2014 में हुए विधान सभा चुनाव के मुक़ाबले टीआरएस को 25 सीटों का फ़ाइदा होता है. टीआरएस का वोट शेयर क़रीब 47 फ़ीसदी रहता है. दूसरे नंबर पर कांग्रेस रहती है, जिसे महज़ 19 सीटों पर ही जीत मिल पाती है.

# चार महीने में दूसरा रेल हादसा

बिहार के बक्सर में बुधवार यानी 11 अक्टूबर की रात बड़ा रेल हादसा हुआ है. बक्सर के रघुनाथपुर में नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर 12506) की 21 बोगियां बेपटरी हो गई. इस हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. कई यात्री जख्मी हो गए हैं. दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन से असम के कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कई डिब्बे रात करीब 9 बजकर 35 मिनट पर बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास पटरी से उतर गए. घटना के बाद बिहार सरकार और रेलवे मंत्रालय ने मृतकों और घायलों को मुआवजे का ऐलान किया है और कई ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है.



अभी जब चार महीने पहले बालासोर में 2 जून 2023 को जब बड़ी दुर्घटना हुई थी, तो रेलवे ने दावा किया था कि अब आगे सुरक्षा बिल्कुल चाक-चौबंद रहेगी. अभी जो कल रात यानी 11 अक्टूबर को जो दुर्घटना बिहार के बक्सर में नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस की हुई, उसमें कई सारी चीजें मैनेज की जा सकती हैं. अगर वह रात के दो-तीन बजे होती तो शायद नुकसान और अधिक हो सकता था. ये बात चिंताजनक है, क्योंकि भारतीय रेल 13 हजार से अधिक सवारी गाड़ियां चलाती हैं. जो गाड़ियां पटरी से उतरती हैं, उससे कई सवाल खड़े होते हैं. क्या पटरियों का जो नवीनीकरण है, मरम्मत है या देखभाल है, वह ठीक से हो रही है या नहीं, यह भी देखने की बात है. एक महत्वपूर्ण बात है कि इस बार नुकसान अधिक नहीं हुआ, क्योंकि इलेक्ट्रिक कोचेज थे, लाइटवेट थे, तो वे एक-दूसरे पर चढ़ी नहीं. दूसरे घायलों पर कोई बात नहीं करता है. घायलों की चूंकि जान बच जाती है, तो उनके बारे में कोई बात नहीं करता. उनमें से कई तो बहुत बुरी तरह घायल हो जाते हैं, कई दिव्यांग हो जाते हैं. नॉर्थ ईस्ट काफी प्रेस्टिजिस गाड़ी मानी जाती है. यह जिस मार्ग पर चलती है, वह मुख्य मार्ग है, तो इन चीजों ध्यान देना चाहिए और सुरक्षा को पहली शर्त बनाया जाना चाहिए.

**चमक-दमक में लगा है पूरा रेलतंत्र** –हकीकत ये है कि भारतीय रेल में इधर स्टाफ की भर्ती नहीं हो रही है. लगभग तीन लाख वैकेंसी है, जिसे भरा नहीं जा रहा है. पूरा रेलवे तंत्र इस वक्त चमक-दमक और ऊपरी बातों में लगा है. ध्यान देना है पटरी पर तो हम दे रहे हैं चमक पर. वंदे भारत चले, इसमें कोई दिक्कत नहीं है. रेलवे स्टेशनों को भी चमकाया जाए, उसमें भी कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन सुरक्षा को तो पहली प्राथमिकता देनी ही होगी. वंदे भारत की ही औसत गति देखें तो वह 100 किमी प्रति घंटे भी नहीं है. उसको सेमी-हाई स्पीड कहते हैं. कई आरटीआई के जवाब में रेल मंत्रालय ने कहा है कि वह 80-85 के एवरेज पर चल रही है. पुराने डिब्बों से लेकर नए डिब्बे तक का जो ट्रांजिशन है, वह प्रक्रिया वही है. तरीकों में सुधार नहीं हो रहा है, मानसिकता में बदलाव नहीं हो पा रहा है.

जितने तरह के साजोसामान जुटाए जा रहे हैं, उसके साथ ही सुरक्षा और संरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए. वह पूरी मानसिकता ही बदलनी चाहिए. आप देखिए कि 2017 से अभी तक जो पटरी से उतरने की घटनाएं हैं, उनमें भी बढ़ोतरी हुई है. कानपुर से इलाहाबाद के बीच अगर आप देखें, या फिर मध्य प्रदेश के इंदौर वाली दुर्घटना है, उसमें काफी बड़ी कैजुअल्टी हुई है, जो पटरी से उतरने की वजह से हुआ है. पटरी से उतरना तो मुहावरा ही है जब हम तंत्र के बारे में कोई बात करना चाहते हैं. तो, रेलों को पटरी से उतरने की घटनाएं कम हों, इसके लिए तो बिल्कुल चाक-चौबंद व्यवस्था करनी चाहिए.

**सरकार दे रेलवे पर ध्यान**–जिस दिन यह सरकार 2014 में बनी, उसी दिन गोरखपुर में भयंकर दुर्घटना हुई थी. तब इस सरकार ने कई सारी बातें कही थीं. इन्होंने तीन-चार चीजों को प्राथमिकता दी थी. पहला यह कि रेलवे का निजीकरण नहीं होगा, दूसरा-पुरानी सरकारी की तरह रेलवे को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने देंगे और तीसरा यह कि बेमतलब की ट्रेनें नहीं चलाएंगे. हालांकि, ये तीनों ही बातें नहीं हुईं. सरकार को जितना ध्यान रेलवे पर देना चाहिए, वह दे नहीं रही है. रेलमंत्री भी अभी ओवरलोडेड हैं. उनके पास आइटी मंत्रालय भी है. शास्त्री जी थे तो उनके पास परिवहन मंत्रालय था. अब सरकार ने रेलवे बजट ही खत्म कर दिया है, तो संसद में भी जो चर्चा हो पाती थी, वह भी नहीं हो रही है. रेलवे में एकरूपता लाने के नाम पर सरकार ने रेलवे प्रबंधन सेवा में सबको समाहित कर दिया है. पहले जो विशेषज्ञ सेवाएं थीं, उसको खत्म कर दिया गया है. कहा गया कि विभागीय सुप्रीमैसी चल रही है.विभाग को तो आप किसी अधिकारी के हवाले ही करेंगे न. उसकी तो सुप्रीमैसी रहेगी ही. फिर, एक काम और आया. बीच में कुछ ऐसे लोगों को अधिकारी बनाया गया, जो या तो रिटायर हो गए हैं या फिर उसी तरह आधे-अधूरे मन से लाए गए. जैसे, अश्विनी लोहानी साहब को रेलवे बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया. वे 20 साल से रेलवे में थे ही नहीं. आखिरकार, उनको भी जाना पड़ा. रेलवे में इस तरह के प्रयोग नहीं करने चाहिए. जो प्रयोग हों वे सुरक्षा-संरक्षा को सुनिश्चित करने चाहिए. अब किसान-रेल की ही बात लीजिए. तीन साल में सात लाख-आठ लाख टन ही माल ढुलाई हुई. यह तो रेलवे के हिसाब से कुछ हुआ ही नहीं, तो यह तो फेल्योर है. कहने का मतलब यह है कि रेलवे को चमक-दमक से इतर अपने काम पर ध्यान देना चाहिए. जो पुरानी समितियां हैं, जैसे काकोडकर कमिटी, उसकी सिफारिशों को लागू करना चाहिए. योजनाओं की संख्या बढ़ाने और चमक-दमक से बेहतर यात्रियों की सुरक्षा-संरक्षा पर ध्यान दिया जाए. बहुतेरी कमियां हैं रेलतंत्र में, जिसको तत्काल प्रभाव से दुरुस्त किया जाए, वरना पैसेंजर का भी कॉन्फिडेन्स टूटेगा और रेलवे का भी विश्वास घटेगा. पूरे तंत्र पर सवालिया निशान लगता रहेगा.

# नौ दिन के व्रत में सेहत से न करें खिलवाड़

पूरे देश में इन दिनों शारदीय नवरात्रि चल रहे है। भक्त मां दुर्गा का आशीर्वाद पाने के लिए नौ दिनों का उपवास कर रहे हैं। व्रत सिर्फ धार्मिक तौर पर ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के अनुसार, भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो व्रत रखने से शरीर डिटॉक्स होता है। कुछ दिन कम खाना खाने या फिर सात्विक भोजन करने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और शरीर भी साफ हो जाता है। इससे किडनी और लिवर भी बेहतर होता है। व्रत रखने से ब्लड शुगर लेवल, हाई बीपी कंट्रोल और दिल संबंधी बीमारियों का खतरा भी कम होता है। लेकिन व्रत के दौरान यदि लापरवाही बरती जाए तो स्वास्थ्य लाभ होने की जगह सेहत को नुकसान भी होसकता है। तो चलिए आज आपको बताते हैं कि यदि पूरे नौ दिनों का उपवास रख रहे हैं तो किन चीजों से बचना चाहिए। आइए जानते हैं....

हाइड्रेशन का ध्यान न रखना

व्रत में ज्यादातर तरल पदार्थों का ही सेवन करना चाहिए। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती। व्रत के दौरान अपनी डाइट में पानी के अलावा ग्रीन टी, छाछ, सब्जियों का रस, छाछ, ताजे फलों का रस जरुर पिएं। यदि आप व्रत में पूरी तरह से शरीर को हाइड्रेटेड नहीं रखेंगे तो आपको गैस, कब्ज और



अपच जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

ज्यादा काम न करें

व्रत रखने के साथ–साथ शरीर को आराम देना भी जरुरी है। कुछ लोगों को व्रत रखने की आदत नहीं होती ऐसे में वह जब नौ दिनों का उपवास करते हैं तो उनका स्वास्थ्य खराब हो जाता है। ऐसे में यदि आप भी नौ दिनों का व्रत रख रहे हैं तो ज्यादा काम न करें, शरीर को आराम दें और ज्यादा देर धूप में भी जाने से बचें।

ज्यादा देर तक सोते रहना

कुछ लोग व्रत के दौरान सारा दिन आराम करते हैं लेकिन पूरा दिन आराम करने के कारण भी सेहत बिगड़ सकती है। यदि आप खाली पेट सोते रहेंगे तो उठने के बाद सिर में दर्द और तनाव महसूस होगा। इसलिए व्रत में खुद को व्यस्त रखें और ज्यादा आराम करने से परहेज करें।

व्रत के बाद ज्यादा खाना खा लेना

व्रत के बाद भूख मिटाने के लिए कुछ लोग ज्यादा मात्रा में खाना खाते हैं लेकिन ज्यादा खाना खाने के कारण कब्ज, एसिडिटी की समस्या भी हो सकती है। व्रत के बाद यदि आप ज्यादा मात्रा में खाएंगे तो पाचन क्रिया पर असर पड़ेगा और आप बीमार हो सकते हैं।

ज्यादा मीठी चीजें खाना

व्रत के दौरान फलाहार में अक्सर सभी ज्यादातर मीठी चीजें खा लेते हैं लेकिन मीठी चीजें खाने से आपका ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। इसलिए ज्यादा मीठा खाने से बचें। कुछ ऐसे फल भी होते हैं जिसमें शुगर ज्यादा मात्रा में होती है जैसे केला, अनानास, चीकू और चेरी। इन सब चीजों की जगह आप नाशपाती, संतरा और पपीता जैसे फलों का सेवन करें।

ऑयली फूड्स न खाएं

ज्यादा ऑयली फूड्स जैसे चिप्स खाने से भी बचें। इस तरह का खाना खाने से आपको एसिडिटी हो सकती है। इस तरह के खाना खाने से आपको ज्यादा नींद आएगी जिससे दिनचर्या के कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

सेंधा नमक खाएं

व्रत वाले खाने में सादे नमक की जगह सेंधा नमक इस्तेमाल करें, क्योंकि सेंधा नमक सात्विक भोजन में ही आता है।

# क्या आप भी खाते हैं बिना ब्रश किए खाना तो हो जाएं अलर्ट

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की तरह ओरल यानी की मुंह की हेल्थ का ध्यान रखना भी जरुरी है। एक्सपर्ट्स की मानें तो यदि व्यक्ति



की ओरल हेल्थ खराब हो तो उसे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा अपने मुंह की सफाई का ध्यान रखना जरुरी है। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी यह सलाह देते हैं कि मुंह की सफाई के लिए सुबह उठने के बाद और रात में सोने से पहले ब्रश जरुर करना चाहिए। इससे मुंह में मौजूद बैक्टीरिया और कीटाणु साफ होते हैं। यदि यह हानिकारक बैक्टीरिया साफ नहीं किए जाएं तो यह पेट में चले जाते हैं जिसके कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती है। कुछ लोग बिना ब्रश किए हुए चाय पीना शुरु कर देते हैं लेकिन यह आदत आपके लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकती है। तो चलिए आपको बताते हैं सुबह बिना ब्रश खाने की आदत आपके स्वास्थ्य को कैसे नुकसान पहुंचाती है। आइए जानते हैं....

दिल की बीमारियों का खतरा

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो बिना ब्रश किए हुए खाने से दिल संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। दांतों पर जमा प्लाक, बैक्टीरिया और गंदगी शरीर में जाकर दिल की नसों को अवरुद्ध कर देती है जिसके कारण नसों में ब्लॉकेज की समस्या होती है। इसके कारण दिल तक ब्लड सर्कुलेशन भी कम हो जाता है और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है।

मुंह से आएगी बदबू

जब भी सुबह हम सोकर उठते हैं तो मुंह से दुर्गंध आती है। इस दुर्गंध के लिए मुंह में मौजूद बैक्टीरिया जिम्मेदार होते हैं हालांकि रोजाना ब्रश करने से मुंह की बदबू दूर होती है और सांस भी फ्रेश हो जाती है लेकिन यदि आप बिना ब्रश किए हुए खाना खाते हैं तो आपके मुंह से सारा दिन गंदी बदबू आती है।

गर्भवती महिलाओं को नुकसान

यदि गर्भवती महिलाएं बिना ब्रश किए हुए कुछ खा लेती हैं तो इससे सिर्फ उनका ही नहीं बल्कि बच्चे का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। इसके कारण प्रीमेच्योर डिलीवरी, जन्म के बाद बच्चे का वजन कम होना और कई सारी अन्य समस्याएं हो सकती हैं।

मसूड़े हो सकते हैं खराब

यदि आप ब्रश नहीं करते तो इससे मसूड़े कमजोर होने लगते हैं। हानिकारक बैक्टीरिया के कारण इनमें सूजन, फूलना और खून निकलने जैसी समस्याएं हो सकती है। दांतों में बिना ब्रश किए हुए खाना खाने के कारण समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

# पीरियड्स में हैवी ब्लीडिंग को भूलकर भी ना करें नजरअंदाज

हर महीने महिलाओं को पीरियड्स के दिनों से गुजरना पड़ता है। पीरियड्स तीन दिन से लेकर सात दिनों तक भी हो सकते हैं। वहीं कुछ महिलाओं को सामान्य रूप से माहवारी



होती है। तो वहीं कुछ महिलाओं को पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा दर्द और ब्लीडिंग से गुजरना पड़ता है।

हर महीने महिलाओं को पीरियड्स के दिनों से गुजरना पड़ता है। पीरियड्स तीन दिन से लेकर सात दिनों तक भी हो सकते हैं। वहीं कुछ महिलाओं को सामान्य रूप से माहवारी होती है। तो वहीं कुछ महिलाओं को पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा दर्द और ब्लीडिंग से गुजरना पड़ता है। कई बार समस्या इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि महिलाओं को पीरियड्स के दौरान हर घंटे पैड चेंज करना होता है।

पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा ब्लीडिंग होने की समस्या को मेनोरेजिया कहा जाता है। इसमें पीरियड्स के दौरान असामान्य रूप से ब्लीडिंग होती है या पीरियड्स अधिक दिनों तक चलते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेनोरेजिया होने की क्या वजह होती है और किस स्थिति में डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

मेनोरिजिया की वजह

मेनोरेजिया के कई कारण हो सकते हैं। कई बार ऐसा हार्मोन असंतुलन की वजह से होता है। महिलाओं के यूट्रस में हर महीने में एक परत बनती है और यह परत पीरियड्स के दौरान शरीर से ब्लीडिंग के जरिए बाहर आती है। लेकिन जब शरीर में हार्मोन का असंतुलन होता है तो यह परत काफी ज्यादा मोटी हो जाती है। तब पीरियड्स के दौरान ज्यादा ब्लीडिंग के रूप में यह बाहर आती है।

वहीं कई बार ओवलूशन न हो पाने के कारण भी हार्मोन संतुलन बिगड़ जाता है और हैवी ब्लीडिंग होने लगती है।

कई बार गर्भाशय में फाइब्रॉएड्स होने के कारण भी कई बार हैवी ब्लीडिंग होने लगती है। ऐसे समय में भी पीरियड्स लंबे समय तक हो सकते हैं।

गर्भाशय में कैंसर या फिर अंडाशय में कैंसर होने की वजह से भी अधिक ब्लीडिंग हो सकती है। हांलाकि कई बार ऐसा आनुवांशिकता घ्की वजह से भी होता है।

जानिए इसका इलाज

हार्मोनल समस्या होने की कंडीशन में हेल्थ एक्सपर्ट्स कुछ दवाएं लेने की सलाह देते हैं। इन दवाओं के सेवन से हार्मोन को शरीर में संतुलित किया जाता है। ऐसे में आप डॉक्टर की सलाह पर दवाएं ले सकते हैं। इसके अलावा डॉक्टर आपको पॉलीप्स या फाइब्रॉएड्स होने पर सर्जरी कराने की सलाह भी दे सकते हैं। हैवी ब्लीडिंग के कई गंभीर मामलों में सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। इसमें गर्भाशय को भी निकाला जा सकता है। लेकिन इसके बाद आपको पीरियड्स नहीं होंगे।

कुछ घरेलू उपाय

इस समस्या से निपटने के लिए आप सरसों के दानों को मिक्सी में डालकर पीस लें। फिर पीरियड्स में हैवी ब्लीडिंग होने पर एक चम्मच सरसों के दाने के पाउडर को गुनगुने दूध के साथ लें। इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

इसके अलावा सौंफ को पीसकर उसका पाउडर बना लें। फिर इस पाउडर को एक कप पानी के साथ करीब 5 मिनट तक उबालें। फिर इसे गर्मागर्म छानकर पिएं।

वहीं हैवी ब्लीडिंग की समस्या से बचने के लिए बर्फ के कुछ टुकड़े को एक तौलिए में अच्छए से बांध लें। फिर 15 से 20 मिनट के लिए इसे अपने पेट के निचले हिस्से पर रखें। इससे आपको आराम मिलेगा। बता दें कि इसके लिए मेथी के बीजों को भी लाभकारी माना जाता है। दो कप पानी में एक चम्मच मेथी के बीज को उबाल लें। फिर जब पानी आधा रह जाए तो इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस गुनगुने पानी का सेवन करें। दिन में करीब 2–3 बार इस पानी को पीने से लाभ मिलता है।

# दक्षिण भारत के 'कश्मीर' में होने वाली बर्फबारी का उठाएं लुत्फ



घूमने के शौकीन लोग अक्सर छुट्टियां मिलते ही ट्रिप पर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर आप इस बार दक्षिण भारत घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको आंध्र प्रदेश में मौजूद कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

जब भी साउथ–इंडिया में घूमने का जिक्र किया जाता है, तो लोग सबसे पहले केरल, कर्नाटक या फिर तमिलनाडु का नाम लेते हैं। बता दें कि दक्षिण भारत में मौजूद आंध्र प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां पर घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। सभी सैलानियों के लिए आंध्र प्रदेश की खूबसूरती और यहां मौजूद कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन बेहद ही खास है। लेकिन अगर आप भी इस बार दक्षिण भारत घूमने का प्लान बना रहे हैं और बर्फबारी देखना चाहते हैं। तो आज हम आपको आंध्र प्रदेश में घूमने वाली कुछ बेहतरीन और अद्‌भुद जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

लांबासिंगी

बता दें कि आंध्र प्रदेश में लांबासिंगीध लम्बसिंगी उन चुनिंदा हिल स्टेशन में से एक है। जहां पर अधिक संख्या में सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि इस हिल स्टेशन को आंध्र प्रदेश का 'कश्मीर' भी कहा जाता है। विचित्र घाटियों और ठंडे तापमान के साथ, दक्षिणी क्षेत्र में लम्बासिंगी एकमात्र जगह है जहां बर्फबारी होती है। यह छोटा सा गांव सुन्दर सफेद धुंद से ढका हुआ होता है। ऐसे में अगर आप भी आंध्र प्रदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको सबसे पहले इस जगह पर आना चाहिए। इसके अलावा आप यहां पर घाट रोड़, कोंडाकरला पक्षी अभ्यारण्य, थाजंगी जलाशय और अन्नावाराम मंदिर जैसी बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

नल्लमला हिल्स

इसके अलावा आप प्रदेश में नल्लमला हिल्स स्टेशन को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। पूरे दक्षिण–भारत में यह स्थान सुगम्य वातावरण और मनमोहक दृश्यों के लिए फेमस है। जनवरी से लेकर मार्च के शुरूआती दिनों में नल्लमला हिल्स स्टेशन का मौसम एकदम सुहावना होता है। इसलिए यहां पर भारी संख्या में सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा आप यहां पर जंगल सफारी और ट्रैकिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

अरकू वैली

अद्‌भुद और बेहतरीन वैली सिर्फ हिमाचल व उत्तराखंड में ही नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश में भी मौजूद है। विशाखापत्तनम जिले में स्थित अरकू वैली अपने अद्‌भुत दृश्व और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। इस हसीन वैली में घूमने के बाद आप अन्य वैली को भूल जाएंगे। अरकू वैली में मौजूद ट्राइबल म्यूजियम, बॉटनिकल गार्डन, भीमुनिपटनम और बोर्रा गुफा जैसी बेहतरीन जगहों को दोस्तों के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटीज का भी मजा उठा सकते हैं।

पापीकोंडालू

इसके अलावा आंध्र प्रदेश में स्थिति पापीकोंडालू बेहद खूबसूरत होने के साथ बेहतरीन पर्वत श्रृंखला भी है। आंध्र प्रदेश के साथ–साथ पूरे दक्षिण–भारत में यह स्थान नयनसुख के नाम से जाना जाता है। गोदावरी नदी के किनारे स्थित होने के वजह से यह जगह भारत के सैलानियों के लिए बेहद ही खास हिल स्टेशन है। पापीकोंडालू की हसीन वादियों में मौजूद पत्तिसीमा नदी द्वीप, पापिकोंडा नेशनल पार्क और किन्नरसानी वन्यजीव अभयारण्य जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

# पिंपल्स से खराब हो रहा है पूरा फेस तो अपनाएं ये तरीके, हफ्ते भर में मिलेगी बेदाग स्किन

आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।

आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। ऐसे में आप मुंहासों से जल्द से जल्द छुटकारा पाना चाहेंगी। मुंहासे त्वचा की सतह पर निकले हुए सफेद या लाल रंग के दाने होते हैं। जिनमें मवाद और पस जमा होता है। इन पके हुए दाने को दबाने से मवाद निकलने लगता है, जिससे गड्ढा सा बन जाता है। इसीलिए मुंहासों को दबाकर कभी नहीं हटाना चाहिए नहीं तो उस जगह पर पिंपल्स के निशान बन जाते हैं और जल्दी हल्के नहीं होते हैं। इससे चेहरे पर दाग बन जाते हैं। अगर आप भी पिंपल्स से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आप भी घरेलू उपाय कर सकते हैं। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।



मुंहासों के लिए घरेलू उपाय

बेसन

घरेलू उपाय में पिंपल्स को दूर करने के लिए बेसन का इस्तेमाल करना चाहिए।

इसके उपयोग के लिए एक चम्मच बेसन में पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद उस पेस्ट को अपने चेहरे पर 10 मिनट तक लगाए रखें और फिर हल्के हाथों से अपने चेहरे को धीरे–धीरे धो लें। यह आपकी ऑयली स्किन से पिंपल्स को हटाने का सबसे बेहतरीन नुस्खा है।

हल्दी और शहद

हल्दी एंटी–इंफ्लेमेटरी जैसे गुणों से भरपूर होती है। इसलिए यह स्किन पर पिंपल्स को सिकोड़ देती है। जबकि शहद स्किन से बैक्टीरिया को हटाता है। इसके लिए आप आधा चम्मच हल्दी में एक चम्मच शहद मिलाकर गीले चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट तक लगाकर रखें। इस उपाय को करने से ना सिर्फ आपके चेहरे पर निखार आएगा, बल्कि पिंपल्स से छुटकारा भी मिल जाएगा।

ओट्स

ओट्स के उपयोग से भी पिंपल्स की समस्या दूर हो जाती है। फेस की स्किन पर एक्सेस ऑयल भी पिंपल्स के कारण ही आता है। लेकिन ओट्स त्वचा से ऑयल सोखता है और पिंपल्स को दूर करता है। पिंपल्स से निजात पाने के लिए पिसे ओट्स में थोड़ा सा बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर अप्लाई करें। फिर इसके बाद फेस को धो दें।

दही

त्वचा पर दही लगाने से डेड स्किन सेल्स हट जाते हैं और स्किन में निखार आता है। दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है। दही के एंटी–बैक्टीरियल भी बहुत अच्छा असर दिखाते हैं। आधा कप दही लेकर चेहरे पर लगाएं। इसके बाद अपने चेहरे को 10 मिनट बाद धो लें। मुंहासों को हटाने के लिए हर दूसरे दिन दही का प्रयोग करें।

एलोवेरा

ऐलोवेरा कई मायनों में हमारी स्किन के लिए फायदेमंद होता है। इसी तरह आप ऐलोवेरा का इस्तेमाल पिंपल्स की समस्या को दूर करने के लिए भी कर सकती हैं। पिंपल्स को हटाने के लिए आप ताजे ऐलोवेरा के गूदे का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके अलावा आप फोड़े–फुंसियों पर भी ऐलोवेरा का गूदा लगा सकते हैं। इस उपाय को करने से ना सिर्फ पिंपल्स की समस्या दूर होगी, बल्कि आपको साफ और निखरी स्किन मिलेगी।

## कल है शारदीय नवरात्र का पांचवा दिन, जानें स्कंदमाता को भोग में क्या लगाएं

शारदाय नवरात्र हिंदुओं का बड़ा त्योहार है, जो नौ दिनों तक मनाया जाता है। कल नवरात्र का पांचवा दिन है। इस दिन स्कंदमाता की पूजा–अर्चना की जाती है। देवी मां को प्रसन्न करने के भक्त व्रत भी रखते हैं। माना जाता है कि सच्चे मन से मां दुर्गा के इस रूप की आराधना करने से शत्रुओं का पराजय होता है और मन की इच्छा भी पूरी होती है।स्कंदमाता को युद्ध के देवता की मां के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आप माता को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो नवरात्र के पांचवे दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान कर स्कंदमाता की विधिवत पूजा करें। इसके बाद मां का पसंदीदा भोग लगाएं। मां को केले का भोग बहुत प्रिय है। इसके अलावा आप केसर की खीर या साबूदाने की खीर भी भोग में लगा सकते हैं।

केसर की खीर

सामग्री

1 लीटर दूध, आधा कप चावल, एक कप चीनी, 10 केसर के धागे, एक चम्मच ड्राई फ्रूट्स

बनाने की विधि

सबसे पहले चावल को साफ कर लें, इसके बाद पानी में कुछ देर के लिए भिगो दें।

अब एक पैन में दूध उबालें, इसमें चावल और ड्राई फ्रूट्स डालें।

इस मिश्रण को अच्छी तरह मिला दें।

चावल को पकाने के दौरान बीच–बीच में बड़े चम्मच की मदद से चलाते रहें।

अब चीनी मिलाएं, खीर को कुछ देर तक पकाएं।

एक अलग बर्तन में गर्म दूध लें, इसमें केसर के धागे डालें।

जब आपका खीर तैयार हो जाए, तो इसमें केसर का दूध डालें और अच्छे से मिलाएं।

साबूदाने की खीर

सामग्री

1 कप साबूदाना, आधा कप चीनी, 1 चम्मच इलायची पाउडर

बनाने की विधि

साबूदाना को 1–2 घंटे के लिए भिगो दीजिए।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने गुढ़ नगर में अहम कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



पुष्पांजली टुडे

**रीवा।**म.प्र. विधानसभा चुनाव 2003 को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज है, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंहा कांग्रेस पार्टी ने पहली बार स्थानीय प्रत्याशी को मैदान में उतारा है, जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में जनता अपने लोक प्रिय प्रत्याशी के रूप मे कपिध्वज सिंह को पाकर उत्साहित है वहीं भाजपा में इनके खिलाफ प्रत्याशी उतारने को लेकर सोच विचार जारी है, वहीं घिसे-पिटे प्रत्याशी को पुनः चुनाव मैदान में उतारने की भाजपा के सामने मजबूरी है, और भाजपा के सामने कुंवर कपिध्वज सिंह के खिलाफ मैदान में प्रत्याशी उतारने को लेकर बड़ा संकट है, अगर यह कहा जाए कि भारतीय जनता पार्टी के पास कांग्रेस प्रत्याशी कपिध्वज सिंह के सामने प्रत्याशी उतारने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है तो यह बात भी अतिशयोक्ति नहीं होगी.

**कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर बड़ी तादात में भाजपा में शामिल हुए लोग**-आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है. कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में प्रमुख रूप से जितेंद्र साकेत, रामलाल प्रजापति, राज बहोर प्रजापति, त्रिवेणी कुशवाहा, काली राम प्रजापति, शिवकुमार कोरी, सतानंद शुक्ला, राम प्रकाश मिश्रा बरसैंता, रजनीश पाण्डेय गुड, दिनेश उपाध्याय, समेत बड़ी तादात में लोगों को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा ने सदस्यता दिलाई है, और उनका कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया गया है।

गुढ़ स्थिति ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आगामी 17, नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की अहम बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा एवं संगठन प्रभारी रवि तिवारी, समेत गुढ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी कुंवर कपिध्वज सिंह, भइया साहब तथा गुड ब्लॉक प्रभारी हर्षलाल शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय,पद्मदीप शुक्ला, नरेंद्र सिंह तिवारी, की मौजूदगी में संपन्न हुई।कार्यकर्ता सम्मेलन में गुड विधानसभा क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ जिला पदाधिकारी, मण्डलम् सेक्टर अध्यक्ष, एवं महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. कांग्रेस, सेवादल, तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, के अलावा पार्षद गणों के साथ-साथ अनु.जाति, अनु.जन.जाति, के पदाधिकारी मौजूद रहे। इनके अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दिनेश नारायण पिडिहा, भूपेन्द्र सिंह परिहार, सुशील दुबे, गोवर्धन प्यासी, प्रदेश महामंत्री श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, प्रदेश सचिव खेल विभाग एवं विधानसभा प्रभारी इस्ताक खान जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, चंद्रशेखर शुक्ला, जिलामहामंत्री विपिन पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, जिला सचिव उपमा सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अल्पसंख्यक सहीद मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, विमल पाण्डेय, प्रदेश संगठक, कांग्रेस सेवादल, सतेन्द्र सिंह, पूर्व पार्षद मो. नासिर खॉ, अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुस्ताक खॉ, पार्षद सरोज उपाध्याय, श्रीमती अर्चना साकेत, मुमताज खॉ, दुर्गेश गुप्ता ब्लॉक मण्डलम् सेक्टर अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, विनय जायसवाल, बरसैता सरपंच रामाश्रय कोल, उमाशंकर पाण्डेय, लक्ष्मण कोल, पप्पू शर्मा, राजकुमार शुक्ल, रजनीश पाण्डेय, शिवेन्द्र मिश्र, इन्द्रकुमार पाण्डेय, प्रमोद गौतम, सतीश सिंह तिवारी सरपंच, सुनील सिंह तिवारी, देवेन्द्र पाण्डेय, द्वारिका दुबे, उमेश सिंह, अभिषेक तिवारी, अब्दुल्ला अंसारी गुड, अशोक सोनी, कैलाश सोनी, श्यामलाल माली, रामू साकेत, संजय कोल, धनेन्द्र तिवारी, कमलाकान्त तिवारी, शुक्रमणि तिवारी, अतुल दुबे, रामबहोरन, दीपू तिवारी, अजमेर अली, नागेश्वर नामदेव, ललवा सिंगरहा, धर्मेन्द्र पयासी, कैलाश सोनी, बाबू तिवारी सरपंच चौडियार, उमाशंकर पाण्डेय, पुष्पेन्द्र मिश्र, रजनीश मिश्र, हरिप्रकाश अग्निहोत्री, राकेश चतुर्वेदी, दिनेश पाण्डेय, शमीम मंसूरी, जयराम कुशवाहा, रामाश्रय साकेत, परमानंद पाण्डेय, लकी पाण्डेय, शशिकांत साहू, सर्वेश मिश्र, अमृतलाल गौतम, बृजभान पटेल, शुभाष द्विवेदी, राजबहोर कोल, रामलाल चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र पटेल, सुभाष द्विवेदी, राजबहोर कोल, रामलाल चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र पटेल, बृजेश शुक्ला, रामनिरंजन चौरसिया, राजकुमार तिवारी, छोटेलाल विश्वकर्मा, राजेन्द्र चौरसिया, मुकेश अवस्थी, अखिलेश तिवारी किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष मिश्र, सुशील दुबे,



चन्द्रमौल उपाध्याय, गोविन्दनारायण सिंह, रावेन्द्र उपाध्याय, लवी सिंह, रोहित सिंह, कस्तूर अली, अयूब अली, ज्ञानेन्द्र तिवारी सरपंच हरदुआ, शास्त्री प्रसाद पाण्डेय, बनमाली प्रसाद मिश्र, रमेश शुक्ला, महेन्द्र तिवारी, नरेश तिवारी, जिला सचिव, सैफद्दीन जिला सचिव, उपाध्यक्ष रामदयाल चौरसिया, लखन चौरसिया, महन्त चौबे, बबलू चौबे, राघुवेन्द्र मिश्र, राघुवेन्द्र पिडिहा, मिठाई लाल चौरसिया, प्रयाग कोरी पूर्व पार्षद, नर्वदा प्रजापति, इनायतद्दीन, त्रिनेत्र उपाध्याय, सुरेश सोंधिया, राजीव उपाध्याय, अश्वनी द्विवेदी, हरीशंकर द्विवेदी, उमेश त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, बाल्मीक पटेल, संजीव शर्मा, के.के. द्विवेदी, राजीव शर्मा, कपूरचन्द्र जायसवाल, राजीव अग्निहोत्री, नीलू तिवारी, रामयश पटेल, संजय शुक्ला, रामू गर्ग, विवेक पाण्डेय, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, द्वारिका प्रसाद दुबे, त्रिवेणी तिवारी, सुखेन्द्र तिवारी, नीतेश साकेत, प्रदीप साकेत, रमेश कोल, राधे आदिवासी, नसीम खॉ, पूर्व सरपंच, बृजेश पिडिहा, काशी बडई, लालजी बडई, सुशील दुबेदी, फारूद खॉ, मकबूल खॉ पूर्व उपाध्यक्ष, सफी उल्ला खान, उमेश साकेत, मो. शरीफ मंसूरी, संजय आदिवासी, बैजनाथ तिवारी, विजय सिंह गहिरी, संजय मिश्र, वीरेन्द्र यादव, ललन पाण्डेय, आदि कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दुर्गा विसर्जन एवं दशहरा पर्व के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम रीवा मे ली गई बैठक

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** अनुविभागीय अधिकारी हुजूर अनुराग तिवारी व नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी के द्वारा दुर्गा विसर्जन एवं दशहरा पर्व के संबंध में दशहरा आयेजक समितियों एवं दुर्गा पंडाल आयोजकों की बैठक ली गई एवं निम्नानुसार आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । बैठक मे शहर के समस्त थाना प्रभारी व दशहरा आयेजक समिति एवं दुर्गा पंडाल के सदस्य उपस्थित रहे।



1. गरवा,डांडिया एवं किसी भी प्रकार के आयोजनों एवं दुर्गा विसर्जन के दौरान आचार संहिता के नियमों का कडाई से पालन किया जाय।
2. गरवा,डांडिया एवं अत्यधिक भीड एकत्रित करनें वाले किसी भी प्रकार के आयोजन की अनुमति लेना आवश्यक है।
3. दिनांक 23.10.2023 को रात्रि 10 बजे तक दुर्गा विसर्जन की अनुमति प्रदान की गई है।
4. दिनांक 24.10.2023 को मात्र शायं 05 बजे तक ही दुर्गा विसर्जन की अनुमति प्रदान की गई है, उसके उपरान्त दशहरा पर्व का आयोजन किया जावेगा।
5. डी.जे. एवं किसी भी प्रकार के ध्वनी विस्तारक यंत्र रात्रि 10 बजे के बाद पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

## दीवार लेखन तथा रैलियों से किया जा रहा है मतदाताओं को जागरूक



पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** विधानसभा चुनाव में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर को मतदान होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप प्लान बनाया गया है। इसके अनुसार जिले भर की शिक्षण संस्थाओं, ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले भर में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं तथा स्वीप एम्बेस्डर द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शासकीय भवनों तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगातार लिखे जा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत गंगेव में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं की जागरूकता रैली निकाली गई। विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा भी रैली निकालकर मतदाताओं को प्रेरित किया गया। गंगेव के ग्राम पंचायत संसारपुर में आँगनवाडी कार्यकर्ताओं तथा पंचायत के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रैली निकाली। इसी प्रकार डाइट रीवा में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। इसी प्रकार विभिन्न कार्यालयों में भी जागरूकता की शपथ दिलाने के साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## समय से समय तक रहे सभी शिक्षक विद्यालयों में उपस्थित - बीईओ रीवा

पुष्पांजली टुडे



**रीवा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीवा आर.एल.दीपांकर ने विकास खंड के सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिनके विद्यालय को मतदान हेतु पोलिंग केंद्र बनाया गया है वह आवश्यक रूप से 10=30 से 4=30 तक विद्यालय में उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वर्तमान में मतदान केन्दो का अवलोकन निरीक्षण किया जा रहा है, समय से पहले विद्यालय यदि बंद मिलता है तो मतदान से संबंधित जानकारियां एकत्रित करने में अधिकारियों को कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है, जिससे निर्वाचन जैसा महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहा है। अत= सभी संस्था प्रमुखों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वह निर्धारित समय चक्र अनुसार विद्यालय प्रारंभ करें.। इस हेतु विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल भी सतत भ्रमण पर है।किसी भी विषम परिस्थितियों से बचने के लिए संस्था प्रमुख आवश्यक रूप से समयनुसार विद्यालय में उपस्थित रहे।

**आर एल दीपांकर**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीवा**

## बैकुंठपुर नगर में चुनाव के मद्देनडर बैकुंठपुर थाना पुलिस ने निकाला नगर में फ्लैग मार्च.

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** आगामी विधानसभा चुनाव में डानून व्यवस्था को लेकर रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश पर सिरमौर स्ष्ठह्रक्क उमेश प्रजापति, बैकुंठपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह बघेल सहित विशेष सुरक्षा बल के अधिकारी एवं पुलिस जवानों के साथ बैकुंठपुर नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया, और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने कि अपील की।

## विधानसभा चुनाव की अधिसूचना 21 अक्टूबर को होगी जारी



पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रीवा एवं मऊगंज जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की चुनाव की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर को अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन पत्र भरने का क्रम शुरू हो जाएगा। विधानसभा क्षेत्र 68 सिरमौर, 69 सेमरिया, 70 त्योंथर, 73 मनगवां, 74 रीवा तथा 75 गुड के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में दाखिल किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र 71 मऊगंज तथा 72 देवतालाब के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित किए गए रिटर्निंग ऑफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार एवं चार अन्य व्यक्तियों को रिटर्निंग आफीसर कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। उम्मीदवार ऑनलाइन भी आवेदन पत्र दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्र के साथ निर्धारित निक्षेप राशि, शैक्षणिक योग्यता, देनदारियों, बैंक खाते तथा आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप 26 में घोषणा पत्र देना आवश्यक होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 30 अक्टूबर को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 31 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 2 नवम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापस करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान के लिए 17 नवम्बर तथा मतगणना के लिए 3 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की गई है

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई मऊगंज का कार्यक्रम संपन्न



पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)

**मऊगंज।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई मऊगंज कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारी द्वारा जिला इकाई मऊगंज एवं ब्लॉक मऊगंज, हनुमान, नईगड़ी के नियुक्ति पदाधिकारी का प्रमाण पत्र श्री राम निश्चय मिस मुख अतिथि में जिला संरक्षक श्री दीनानाथ मिश्रा देवी दयाल शर्मा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सिंगर , जिला महामंत्री गिरीश पटेल उपाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा राज नारायण पटेल, मऊगंज ब्लॉक अध्यक्ष राम उजागर पटेल, महामंत्री सरोज मणि दुबे, गौरव सिंह, पंकज सिंह, लल्लू सिंह प्रतीक गुप्ता, रमेश पटेल बहादुर पटेल,सातवेंद्र पटेल ,प्रहलाद पटेल, प्रकाश मिश्रा के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजवासी पटेल नगर पंचायत अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि त्रिवेणी प्रसाद पांडे, यज्ञ नारायण दुबे, छोटे लाल शर्मा आदि की उपस्थिति में नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## पत्थरबाजी की घटना में चढ़ा सियासी रंग आम आदमी पार्टी ने घटना की निंदा की

पुष्पांजली टुडे

रीवा।बीते दिन रीवा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित ढेकहा मोहल्ले में मजदूरों द्वारा की गई पत्थरबाजी की घटना ने अब सियासी मोड़ ले लिया है। जिसके खातिर घटना के 24 घंटों के भीतर 2 अलग-अलग स्थानों में आम आदमी पार्टी ने घटना की निंदा करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जहां घटना को लेकर रीवा जिला प्रशासन सहित बीजेपी और कांग्रेस को दोषी ठहराया है। बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दीपक सिंह ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर बीजेपी सरकार व मंत्री राजेंद्र शुक्ला पर निशाना साधते हुए कहा की रीवा में मजदूरों की फैक्ट्री लगा दी गई है, जिससे हर रोज घटनाएं होती हैं।

**पत्थरबाजी की घटना में शुरु हुई शियासत**-दरअसल, बीते दिन की तरह काम की तालाश में सैकड़ों मजदूर एकत्रित थे तभी वहां पर संचालित आस्था मेडीकल स्टोर के सुरक्षा कर्मी और मजदूर के बीच कहासुनी हो गई देखते ही देखते दोनों के बीच गाली गलौज शूरू हो गई. इसके बाद गुस्साए सुरक्षा गार्ड ने मजदूर पर डंडे से हमला कर दिया डंडे के वार से मजदूर का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया घटना से गुस्साए अन्य मजदूर आक्रोशित हो गए और उन्होंने मेडीकल स्टोर में पत्थरबाजी करना शूरू कर दिया

वहीं पास ही खड़ी एक कार को मजदूरों ने आग के हवाले कर दिया और कार धू-धू एक जलने लगी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची और आक्रोशित मजदूरों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन बेकाबू भीड ने पुलिसकर्मियों पर ही पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी पत्थरबाजी की घटना में कई पुलिस कर्मी गंभीर रुप से घायल हुए थे जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

**आप प्रत्याशी ने लगाए मंत्री राजेंद्र शुक्ला और आरोप**-आगजनी और पत्थरबाजी की घटना के बाद अब राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। घटना पर राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं ने प्रेस वार्ता कर उसकी निंदा शुरू कर दी। इसी कड़ी में बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दीपक सिंह ने भी घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए रीवा जिला प्रशासन, मंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित बीजेपी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने रीवा को मजदूरों को फैक्ट्री बना दी है। जिसके कारण इस तरह की घटनाएं हो रही आज तक मजदूरों को खड़े होने के लिए कोई समुचित जगह नहीं दी गई।

## सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन



रीवा। कि आचार संहिता को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन है कि कहीं भी जहां आचार संहिता लागू होती हो वहा पर किसी पार्टी के नेता वा पार्टी का प्रचार प्रसार होना पोस्टर के माध्यम से होना प्रतिबंधित है, पर इसके बावजूद भी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आचार संहिता का खुले आम उल्लंघन हो रहा है। आप विडियो में साफ़ देख सकते हैं, की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पोस्टर मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की फोटो है , जिसे ढका नही गया है। जो भारतीय आचार संहिता का उल्लंघन है इसको देखने के प्रशासन क्या कार्यवाही करता है यह देखने योग्य विषय है। जब इस सम्बंध में मीडिया ने अस्पताल के अधीक्षक डाक्टर अक्षय श्रीवास्तव से जानकारी लेनी चाही तो वो कुछ भी कहने से बचते नजर आए।

## विधानसभा चुनाव की अधिसूचना 21 अक्टूबर को होगी जारी

पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)

रीवा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रीवा एवं मऊगंज जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की चुनाव की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर को अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन पत्र भरने का क्रम शुरू हो जाएगा। विधानसभा क्षेत्र 68 सिरमौर, 69 सेमरिया, 70 त्योंथर, 73 मनगवां, 74 रीवा तथा 75 गु? के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में दाखिल किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र 71 मऊगंज तथा 72 देवतालाब के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित किए गए रिटर्निंग ऑफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार एवं चार अन्य व्यक्तियों को रिटर्निंग आफीसर कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। उम्मीदवार ऑनलाइन भी आवेदन पत्र दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्र के साथ निर्धारित निक्षेप राशि, शैक्षणिक योग्यता, देनदारियों, बैंक खाते तथा आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप 26 में घोषणा पत्र देना आवश्यक होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 30 अक्टूबर को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 31 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 2 नवम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापस करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान के लिए 17 नवम्बर तथा मतगणना के लिए 3 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की गई है

# कलेक्टर एवं एसपी ने गोगावां में सशस्त्र बल के जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

## गोगावां के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने आज 19 अक्टूबर को खरगोन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले गोगावां का भ्रमण किया और सशस्त्र बल के जवानों के साथ गोगावां की स?कों, गलियों एवं संवेदनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस बल, एसएफ एवं सीआईएसएफ के जवान शामिल रहे। इस दौरान एसडीएम श्री भास्कर गाचले, एसडीओपी, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा की और कहा कि आगामी समय में दशहरा, दीपावली का त्यौहार आ रहा है और इसके बाद विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधि के निर्वाचन के लिए 17 नवंबर को मतदान कराया जायेगा। इस दौरान क्षेत्र में अमन, चैन एवं शांति बनी रहना चाहिए, कहीं पर भी कोई अप्रिय घटना नहीं होना चाहिए। इसमें शहर के हर वर्ग के लोगों का योगदान होना चाहिए। कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था की स्थिति को बिगा?ने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने गोगावां एवं ग्राम शाहपुरा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। गोगांवा के 14 मतदान केन्द्रों को क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के रूप में चिन्हित किया गया है। इन मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के क? इंतजाम रहेंगें। इस दौरान कलेक्टर द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र का नाम, क्रमांक, विधानसभा क्षेत्र का नाम व क्रमांक, केन्द्र में महिला व पुरूष मतदाता की संख्या की जानकारी शीघ्र लिखवाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने मतदान केन्द्रों के आस-पास साफ-सफाई रखने, पत्थरों को हटाने एवं मतदान केन्द्रों में बिजली, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिये।

# मतदान बढ़ाने के लिए निकाली जा रही है मतदाता रेलिया




**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज** ।सारा काम छोड़दो - सबसे पहले वोट दो। बूड़ा हो या जवान सभी करें मतदान। यह नारे आजकल गली गली ओर गांव गांव सुनाई दे रहे है। तहसील, जनपद, आंगनवाड़ी, शिक्षा विभाग व अन्य सरकारी विभागों के अधिकांश कर्मचारी इन दिनों मतदाता जागरूकता रैलियां निकाल कर लोगो को अधिक अधिक से अधिक मतदान के लिये प्रेरित कर रहे है।

**सिरोंज में बड़े सबसे ज्यादा मतदाता-:** विदिशा जिले की 5 विधानसभा में से सिरोंज में सबसे ज्यादा 8863 नए मतदाता जु? है। विधानसभा में 254 मतदान केंद्र है। वोटिंग परसेन्टेज 78 प्रतिशत से अधिक है। सिरोंज के 43 व लटेरी के 13 कुल 56 मतदान केंद्रों पर महिलाओं का मतदान प्रतिशत कम था।

# बिरसिंहपुर। किसानोंने दिया ज्ञापन। दिनांक16,10,2023, को लगभग तीन बजे आसमानी आफत बारिश के साथ ओलेगिरे



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

जिससे लगभग दर्जन भर गांवों में किसानों की फसल बर्बाद हो गई, लेकिन आज तक किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने उक्त मामले को गंभीरता से नहीं देखा तो पूरे क्षेत्र के लोगों ने तहसील दार बिरसिंहपुर को ज्ञापन देकर कहा कि तत्काल सर्वे किया जाकर राहत राशि शीघ्र दिलाई जाए हरदी झाला,टीकर मोटवा,सिरवारी कुदरहा,टीकर, बिटमा,बिजयपुर,बरौ ओरमानी आदि दर्जनों गांवों की फसल नष्ट हो गई है ज्ञात हो कि जबसे तहसील दार अजीत तिवारी जी का स्थानांतरण यहासे हुआ आज तक तहसील दार साहब को कार्यालय में बैठने का समय नहीं है यहां तक कि पूरे क्षेत्र के लड़के ई डब्ल्यू यस का रिकॉर्ड बनवाने के लिए परेशान हैं लेकिन आज तक एक भी ई डब्ल्यू यस नहीं बनाए गए हैं पूछने पर कहते हैं हमें पावर नहीं आफिस तो लावारिस हालत में पडा है ज्ञापन सौंपने रजनीश तिवारी,रामसुसील,अंक देव सिंह,लकी सिंह, रोहित, द्वारिका प्रसाद, रमेश कुमार, भगवान दीन, मनोज यादव, रावेदृ शुक्ला, दीपक,बिजय सिंह, बंशगोपाल, भैया सिंह, अतुल सिंह,बिजय सिंह,राजन सिंह, शिवदास रामललोहर गौतम अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक तहसील ईकाई बिरसिंहपुर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे जिन्होंने कहा कि तत्काल सर्वे नहीं किया गया तो हम सब मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे जबाब दार शासन प्रशासन होंगे

# आचार संहिता के चलते बाहरी जिलों से आए रहे वाहनों की हो रही जांच



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** नगर में मतदान शांतिपूर्ण ओर निष्पक्ष हो इसके लिये भी प्रशासन ने कमर कस ली है। विधानसभा की सीमाओं पर एस एस टी टीमें दूसरे जिलों से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग कर रही है। सिरोंज विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर हर्षल चौधरी ने बताया कि सिरोंज विधानसभा में तीन एस एस टी टीमें लटेरी के चंदेरी गांव, गुना रोड पर भगवंत पुर के पास व अशोकनगर बॉर्डर पर मुगलसराय में काम कर रही है। मौके पर ही रोड किनार टेंट लगाकर 24 घंटे चेकिंग व निगरानी की जा रही है। 50 हजार से अधिक नगद रकम, सोना, चांदी, शराब अगर वाहन में पाई जाएगी तो उसे यह मानकर जप्त कर लिया जाएगा कि चुनावों को प्रभावित करने के लिये इसे परिवहन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 3 फलाइंग स्काट टीमें भी गठित की गई हैं। जिसमे मजिस्ट्रेट व पुलिस दल है। कोई ग?ब?ी फैलाने वाली सूचना मिलेगी तो तुरंत यह दल मौके पर जाकर कार्यवाही करेगा और निराकरण कर 100 मिनिट के अंदर अंदर चुनाव आयोग को इसकी सूचना देगा

# जेटिमेटला आईमाता मंदिर में गूंजे आईमाता के भजन ,जमने लगी गरबा की रंगत,



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

हैदराबाद। जेडिमेटला स्थित आईमाता मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर एक शाम आईमाताजी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आईमाता मंदिर में पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज हुआ। भजन गायक रविंद्र सिंह राजपुरोहित एण्ड पार्टी की ओर से मधुर राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायकों ने आईमाता जी रो गूंजै जैकारो रे...आईजी वेगा पधारो....आईमाताजी रे वेलिया रे गला मैं घुंघर बाजे..बिलाड़ा में जावणा ने आईजी ने मनावणा.. आदि भजनों की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। भजनों संग श्रद्धालु झूमते रहे। नवरात्रि महोत्सव के तहत कार्यक्रम में भुराराम काग,भुन्डाराम बर्फा, राजुराम लचेटा, सोहनलाल हाम्बड़ ने वैदिक मंत्रोच्चारण संग वेदी हवन में आहुथियां दी। संस्था के अध्यक्ष मांगीलाल काग ने बताया की रात्रि में गरबा रमने एवं देखने के लिए भीड उमड़ रही है। मंदिर को आकर्षक रंगीन रोशनी से सजाया गया। मंदिर में विराजित मां दुर्गा की पूजा एवं आरती के साथ डांडिया नृत्य का दौर शुरू हुआ है। आजोजित गरबा रास में मात्रशक्ति, बालिकाओं सहित युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष केराराम सिन्दड़ा, सचिव नारायणलाल वरपा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग एवं भुंडाराम बर्फा, भुराराम काग, उदाराम काग,मांगीलाल सोलंकी सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे

# 3 अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर एवं 5 के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले के 3 अपराधियों को एक वर्ष की कालावधि के लिये जिला बदर एवं 5 आदतन अपराधी के विरुद्ध संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के आदेश जारी किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत थाना कोलगवां अंतर्गत बरदाडीह सतना निवासी लोकेन्द्र सिंह पिता रामभैया सिंह चौहान उम्र 24 वर्ष, चाणक्यपुरी कॉलोनी निवासी डैडी उर्फ अर्जुन पिता हरवंश सिंह उम्र 33 वर्ष तथा थाना सिविल लाइन अंतर्गत अहरी टोला निवासी बबली उर्फ शिवेंद्र प्रताप सिंह पिता मंगलेश्वर सिंह उम्र 20 वर्ष को एक वर्ष की अवधि के लिये जिले की सीमा और जिले से लगने वाले चतुर्दिक जिलों की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कोलगंवा थाना अंतर्गत कोलगवां मोहल्ला निवासी मुन्ना उर्फ राजेंद्र यादव पिता महेश यादव उम्र 30 वर्ष, सिजहटा निवासी कामता साकेत पिता विशाली साकेत उम्र 40 वर्ष, सिंधी कैंप निवासी रिंकू बाधवानी पिता बाबूराम बाधवानी, थाना सिविल लाइन अंतर्गत सोहौला निवासी दीपेंद्र उर्फ दीपू जायसवाल पिता हीरालाल जायसवाल उम्र 28 वर्ष तथा थाना नागौद अंतर्गत शास्त्री नगर निवासी राजन प्रताप सिंह उर्फ राजन सिंह पिता शिशुपाल सिंह उम्र 31 वर्ष के विरुद्ध संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।

# हांथों में मेंहदी रचाकर और रंगोली से मतदान के लिए किया गया प्रेरित






**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत सतना जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें विधानसभा चित्रकूट अंतर्गत औसत से कम मतदान वाले केंद्रों में स्वीप पार्टनर विभाग माधवम ईप्सा फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत मलगौसा, वनवासी बाहुल्य खोखला, कशियन, पड़वनिया एवं मझगवां क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में मतदाता जागरुकता संवाद का आयोजन किया गया। सतना शहर और बाहरी छोर के ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट सिटी के लगाये गये इलेक्ट्रॉनिक साइनेज और होर्डिंग्स पर निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन और सी-विजिल एप के प्रचार-प्रसार के लिये विज्ञापन पट्टिका अनवरत चलाई जा रही है। शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत प्रथम बार मतदान करने वाले नवयुवा मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। नवयुवाओं में पहली बार वोटिंग करने का उत्साह और मतदान की तारीख 17 नवंबर का इंतजार देखा गया। बैंक शाखाओं में ग्राहको को मतदाता जागरुकता के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रेरित किया गया। सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन में रिटर्निंग ऑफीसर आरती यादव की उपस्थिति में चुनावी पाठशाला का भी आयोजन किया गया। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विन्ध्या इंस्टिट्यूट ऑफमैनेजमेंट एण्ड साइंस (विट्स) सतना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए मतदान दिवस को सबसे बड़े उत्सव के रूप में मनाने और सभी मतदाताओं से अपने मत के प्रति जागरूक बनने व मत के सदुपयोग की अपील करते हुए हमारे मत को लोकतंत्र की सबसे ब?ी शक्ति बताया। मतदाता जागरुकता के लिये स्व-सहायता समूह की दीदियों ने हांथ में ''वोट है मेरा अधिकार'' की मेंहदी रचाई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के लिये विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को होने वाले मतदान में वोट डालने की शपथ दिलाई।

# जिला स्तरीय इनोवेशन फेस्टिवल में नीलेश श्रीमाली की भाषा प्रयोगशाला की प्रस्तुति




**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पाटन/गुजरात।** जीसीईआरटी गांधीनगर से प्रेरित पाटन जिला स्तरीय इनोवेशन फेस्टिवल डायट पाटन में आयोजित किया गया। इस महोत्सव में पाटन जिले के प्राथमिक विद्यालयों और माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नवोन्वेषी शिक्षकों द्वारा कुल 36 रचनाएँ प्रस्तुत की गईं। जिसमें भाटसन पे सेंटर स्कूल के शिक्षक श्री नीलेश श्रीमाली द्वारा विद्यालय स्तर पर भाषा प्रयोगशाला का निर्माण किया है। इनोवेशन फेस्टिवल में भाषा प्रयोगशाला कैसे काम करती है, इस पर एक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। नीलेश श्रीमाली ने कहा कि भाषा प्रयोगशाला के माध्यम से बच्चे एक साथ कई भाषाएँ सीख सकते हैं और भाषा सीखने के लिए जरूरी स्किल भी डेवलप होती है। इसके कारण बच्चे टेक्नोलॉजी से भी अवगत होते हैं और टेक्नोलॉजी से परिचित हो सकते हैं।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी कार्यकर्ता की एकजुटता से पार्टी की जीत होती है सुनिश्चित : राम कुमार गुप्ता

**पोरसा।** बूथ जीता चुनाव जीता मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा के द्वारा बूथ एवं शक्तिकेंद्रो पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक संपन्न हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ अध्यक्ष बीएलए महामंत्री व संगठन की टोली के आई सी कार्ड वितरित किए गए जिसमें श्री नागाजी धाम शक्ति केंद्र वार्ड क्रमांक 1,2,3 वा महाराणा प्रताप नगर शक्ति केंद्र वार्ड क्रमांक 7,8,9,के बूथ अध्यक्ष महामंत्री बीएलए शक्ति केंद्र टोली के साथ अशोक सिंह तोमर संयोजक वा रवींद्र तोमर अतिथि दुर्ग का पुरा के निज निवास पर बैठक संपन्न हुई



भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि हम सभी कार्यकर्ताओं को संगठित रहकर आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने बूथ पर भारतीय जनता पार्टी को अधिक से अधिक मतदान करवाए अपने बूथ को मजबूत करना है केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा चल रही कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच में जाकर बताना है सभी वर्गों के लोगों का सम्मान करना है असहाय एवं गरीब बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को सहयोग देकर उनकी विशेष चिंता करनी है बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता रामवीर सिंह तोमर जसराम गुप्ता प्रभारी राघवेंद्र कटारे अतिथि कमल जाटव संदीप उपाध्याय दीपक तोमर संजय वाल्मीकि पार्षद साबिर खान रामेश्वर जाटव पपेंद्र जाटव हीरालाल बाग सिंह जय सिंह तोमर,रवींद्र तोमर अतिथि ,सतीश खटीक, बंटी भार्गव पार्षद ,पवन शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमसीएमसी प्रकोष्ठ के 10 कर्मचारियों को अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण (एमसीएमसी) प्रकोष्ठ में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराने पर 10 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की है। जिन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है उनमें सहायक ग्रेड-3 शशिबाला कंबीरपंथी, कुलदीप सिंह, सहायक ग्रेड-2 अनिल श्रीवास्तव, खंडलेखक ब्रजेश खरे, सहकारी निरीक्षक प्रभाकरण प्रकाश, प्राथमिक शिक्षक रामसिया कोल, तकनीकी सहायक पुष्पेंद्र पाल, पर्यवेक्षक खुशबू प्रजापति तथा भृत्य मोनू रैकवार, रामप्रकाश सेन के नाम शामिल हैं। संबंधितों को कारण बताओ नोटिस का जवाब 24 घंटे के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर देने के लिये कहा गया है। समय-सीमा में समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी कर्मचारियों को जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि मीडिया प्रकोष्ठ में उपस्थिति दर्ज नहीं कराने के कारण निर्वाचन कार्य प्रभावित हो रहा है। आपका यह कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और उदासीनता का द्योतक है। जिसके फलस्वरुप क्यों न आपके विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत निलंबन की कार्यवाही की जाये।

# अमर शहीद नायक विनय सिंह की अंतिम शहीद यात्रा उमडा जन सैलाब



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना जिले के चूंद निवासी विनय सिंह सेना के जवान की सेना में ड्यूटी के दौरान श्रीनगर में शहीद हुए थे शहीद विनय सिंह का पार्थिव शरीर ग्रह गांव पहुंचते ही क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया भारी संख्या में शाहिद विनय सिंह के अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोग विनय सिंह अमर रहे भारत माता की जय के साथ अंतिम संस्कार हुआ शहीद विनय सिंह श्रीनगर में 9 आरआर बटालियन में पदस्थ थे शहीद विनय सिंह को सतना सांसद गणेश सिंह गृह ग्राम पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किए

# जगह-जगह में विराजी मां,भक्तगण उपवास रख कर रहे हैं उपासना



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की उपासना की जाती है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम दिया गया है। भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं।जगह -जगह माँ की क्षाकीया लग है, भक्तगण उपवास रखकर माँ की उपासना कर रहे हैं।

## आलमपुर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

# भाजपा प्रत्याशी बोले -मुझे इस लहार को कांग्रेस विधायक की गुण्डागर्दी से निजात दिलाना है






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** लहार विधानसभा से टिकिट तय होने के बाद आलमपुर के कानूनगो पैलेस में आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम वघेल मौजूद रहे तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध निहाल सिंह कौरव ने की7लहार विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी का टिकिट मिलने के बाद आज पहली बार आलमपुर पहुंचे अम्बरीश शर्मा (गुड्डू) ने कार्यालय के उद्घाटन के बाद नगर में जनसंपर्क भी किया,भाजपा प्रत्याशी ने प्राचीन कामॉक्षा देवी मंदिर से पूजा अर्चना कर जनसंपर्क प्रारंभ किया,इसके बाद वह खोड़न मोहल्ला,लोक सेवा केन्द्र,लहारिया हनुमान मंदिर के बाद मुख्य बाजार से विजय मंच होते होते हुये वह नगर परिषद कार्यालय से पुरानी मस्जिद होते हुये तिवारी मोहल्ला होकर वापिस कार्यालय पहुंचे जहां कार्यक्रम का समापन किया गया7इस दौरान नगर में जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी का लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया7कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा प्रत्याशी अम्बरीश शर्मा (गुड्डू) ने कहा कि आप लोग लहार में भाजपा को जिताकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में मददगार बनिये,आप लोग एक बार लहार में भाजपा को जिताइये, मैं विकास की एक नयी इबारत लिख दूंगा7लहार में पिछले 33 वर्षों से एक बर्बर कांग्रेसी विधायक बना बैठा है,जिसने सिर्फ लहार की जनता के साथ झूठी बातें कर उसको छला है7उन्होने कहा कि ये वही विधायक है जिसने अपनी राजनैतिक दुश्मनी निकालने के लिये दबोह नगर को तहस-नहस कर दिया,लहार विधायक ने आज तक विकास के नाम पर विधानसभा में कुछ नहीं किया सिर्फ चारों तरफ भृष्टाचार फैलाया है7लहार विधायक ने लहार की जनता की खून चूस-चूसकर एक नार्देश्वर ट्रस्ट बना लिया है,जिससे वह अपना विकास कर रहे हैं7मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य आप सभी को लहार विधायक की गुण्डागर्दी से मुक्त कराना है और मैं सिर्फ आप सभी की सेवा करना चाहता हूं7मुझे इस समय लहार विधानसभा अर्जुन की उसी चिड़िया की आंख के समान दिख रही है7

**ये लोग रहे मौजूद-**आलमपुर में कार्यक्रम के दौरान रिटा.कमिश्नर महेशचन्द्र चौधरी,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष हृदेश सिंह राजावत,राजेश कौरव जिला मंत्री,संतोष बौहरे,कल्याण कानूनगो,अंजनी कुरचानियां,भुवनेश पुरोहित,राजेश पटैल,आनंद तिवारी,रमेश मास्टर, दिनेश रजक,इस्ताक अली,सतीष उपाध्याय सहित लगभग एक हजार से ज्यादा लोग मौजूद रहे

क्राइम ब्रांच व थाना महाराजपुरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

# पुलिस ने लक्ष्मणगड पुल के पास स्मैक की पुडिया बनाकर बेच रही एक महिला तस्कर को 42 ग्राम स्मैक सहित किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** - पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्वालियर जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 18.10.2023 को रात्रि में जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला लक्ष्मणगड पुल के पास अवैध मादक पदार्थ स्मैक की पुडिया बनाकर बेच रही है, उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। मुखबिर की सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री ऋषिकेश मीना,भापुसे एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(उत्तर) श्री अमृत मीना को क्राईम ब्रांच व थाना महाराजपुरा पुलिस की संयुक्त टीम को उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। क्राइम ब्रांच व बरैठा चौकी पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर अवैध मादक पदार्थ तस्करों पर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध श्री षियाड के.एम.,भापुसे एवं सीएसपी महाराजपुरा/डीएसपी अपराध द्वितीय श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी. अमर सिंह सिकरवार एवं थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक हितेन्द्र सिंह राठौर के द्वारा क्राइम ब्रांच व बरैठा चौकी पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान लक्ष्मणगड पुल के पास कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर स्थान पर एक महिला सहित कुछ लोगों की भीड दिखाई दी, पुलिस को अपनी ओर आता देख महिला को घेरकर खडे 3-4 व्यक्ति भाग गये। मौके पर पुलिस को एक महिला मिली जो कि हाथ में एक सफेद रंग की पोलीथिन लिए पुलिस को देखकर भागने की फिराक में थी। पुलिस टीम द्वारा महिला से नाम व पता पूछा गया तो उसने स्वयं को गोसपुरा नं.1 हजीरा जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकडी गई महिला के हाथ में मिली पोलीथीन को खोलकर देखने पर उसमें मादक पदार्थ स्मैक रखी हुई मिली, महिला तस्कर के पास मिली स्मैक की तौल कराने पर कुल 42 ग्राम स्मैक कीमती लगभग 4.20 लाख रूपये की पाई गई। पुलिस ने स्मैक को जप्त कर महिला तस्कर के खिलाफ थाना महाराजपुरा में अप0क्र0 892/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पकडी गई महिला तस्कर से स्मैक के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**मुख्य भूमिकाः क्राइम ब्रांच टीम**- थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार, उप निरीक्षक पूनम कटारे, प्र.आर. मुकेश चौहान, आरक्षक प्रमोद शर्मा, सुमित शर्मा, रूपेश शर्मा, जैनेन्द्र गुर्जर, वाहन चालक आर. राजकुमार जाट।

**सराहनीय भूमिकाः**थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक हितेन्द्र सिंह राठौर, उप निरी. साधना सिंह कुशवाह, आरक्षक कुंजबिहारी शर्मा, गोविन्द राजावत।

# विकास किया है,विकास करेंगे ,भाजपा की तरह झूठ नहीं बोलेंगे : विधायक डा.सिकरवार

महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार ने घर-घर दी दस्तक,कई वार्डों में हुआ जनसंपर्क





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा एवं 16 ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 45 में घर-घर पहुँचकर आमजन से सीधा संवाद कर जनसंपर्क किया। आज सुबह 8 बजे ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुये और वहां से यात्रा प्रारम्भ होकर पुलिस क्वाटर, कुम्हारों का मौहल्ला, जाटव मौहल्ला, वंशी की बगिया, वासुदेव शर्मा वाली गली, जाटव मौहल्डला, भास्डकर लाईन, मस्जिद वाली गली एवं आस-पास की समस्त गलियों में हर घर दस्तक दी। यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में कांग्रेस के झण्डे लेकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे । यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता को कांग्रेस द्वारा किये गये विकास कार्यो एवं वचन पत्र में जनता की दी जाने वाली सौगातों के बारे में बताया। उन्होंने कहा की विकास किया है, विकास करेंगे।भाजपा की तरह झूंठ नहीं बोलेंगे। इसके साथ ही पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' ने वार्ड 21 के पंचशील नगर, सत्यप्रकाश सिंह सिकरवार ने वार्ड 20 के रणधीर कॉलोनी एवं आदित्य सतीश सिकरवार ने वार्ड 25 के सी.पी. कॉलोनी में सघन जनसंपर्क किया। आम लोगों ने जनसंपर्क के दौरान महापौर और विधायक का पुष्पहारों से जोरदार स्वागत किया।यात्रा में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे, पार्षद सुरेंद्र साहू, अंकित कट्ठल, के.के. शर्मा, सोनू भदौरिया, धीरेंद्र यादव, हिमांशु कीकन, टिंकू परिहार, अवधेश साहू, भूपेंद्र तोमर, राजेंद्र परिहार, विजय बहादुर त्यागी, मनीष अग्रवाल, राजा यादव, राजेंद्र परिहार, छोटू मण्डेलिया, श्डयाम सुन्दर निम, अनिल शर्मा, अशोक प्रजापति, अभय कुमार सिंह, राजा यादव, लोकेन्द्र प्रजापति, हेमलता प्रजापति, सरोज साहू, प्रवेश परिहार, भुवनेश सारस्वत, दिनेश पाराशर, आशुतोष शर्मा, आशू तोमर, ओमप्रकाश चौहान, रामकेश कौरव, अवधेश साहू, बृजेश पाठक, मयंक झा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत हेतु स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने के लिए बूथ विजय प्रतिज्ञा ली



**सुमन सिंह तोमर रिपोर्टर**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। ग्वालियर दक्षिण विधानसभा 17 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 52 के शक्ति केंद्र पर ÷शक्ति-सम्मेलन÷ का आयोजित किया गया। जिसमें बूथ पर करणीय 15 कार्यों की विषयवार जानकारी मुख्य अतिथि ग्वालियर महानगर के पूर्व सभापति लालजी जादौन ने दी। शक्ति केंद्र संयोजक शुभम चौधरी ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत हेतु स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने के लिए बूथ विजय प्रतिज्ञा दिलवाई। आभार शक्ति केंद्र संयोजक अंशुल गोस्वामी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति लालजी जादौन, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष शुभम चौधरी, अंशुल गोस्वामी, आशाराम कुशवाह, भरत लाल शर्मा, मुकेश शर्मा, रोहित राजोरिया, अनूप गोस्वामी, आरिफ खान, भरत शर्मा, जगमोहन कुशवाह, राकेश बघेल, श्रीलाल दुबे, रामदास पंडित जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**बूथ विजय प्रतिज्ञा**-मैं प्रतिज्ञा लेता / लेती हूँ कि मैं आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने बूथ पर भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने में अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ अपना पूर्ण योगदान दूंगा / दूंगी।

# ग्वालियर पुलिस ने महज 02 घंटे के अंदर अंधेकत्ल का पर्दाफाश कर आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** थाना जनकगंज क्षेत्रान्तर्गत रिध्दी अपार्टमेंट समाधिया कॉलोनी में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किये जाने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई, जिस पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना जनकगंज में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिहं चंदेल,भापुसे द्वारा अति.

**मृतक का आरोपी की पत्नी से चल रहा था प्रेम प्रसंग।**

पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर-पश्चिम श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान को उक्त हत्या की घटना का शीघ्र पर्दाफाश कर आरोपी की पतारसी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में प्रभारी सीएसपी लश्कर श्री अशोक सिंह जादौन के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जनकगंज निरी0 विपेन्द्र सिंह चौहान व थाना प्रभारी पडाव निरी0 इला टण्डन के नेतृत्व में पुलिस की टीमों को उक्त हत्या की घटना का पर्दाफाश करने के लिये लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक किये गये जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसायकिल के निकलता हुआ दिखा। जिसे पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध को चिन्हित कर पतारसी की गई तो तकनीकी साक्ष्यों एवं सोशल मीडिया के आधार पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति की पहचान सिंधी कॉलोनी जनकगंज निवासी के रूप में हुई, जिस पर से पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुये उक्त संदिग्ध व्यक्ति को उसके निवास सिंधी कॉलोनी जनकगंज से पकडकर उससे घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ की तो उसके द्वारा मृतक आकाश देवानी की चाकू से गला रेतकर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी द्वारा पुलिस को पूछताछ में बताया कि आरोपी की पत्नी से मृतक आकाश देवानी के संबंध थे, मृतक आरोपी की पत्नी के मायके रिध्दी अपार्टमेंट समाधिया कॉलोनी में पडोस में रहता था, दोनों का काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कई बार समझाने पर भी जब दोनों नहीं माने तो आरोपी ने अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या की योजना बनाई और हत्या करने के लिए किले से चाकू खरीदा। वह आकाश के घर के पास निगरानी कर रहा था, जैसे ही आकाश अपने घर के लिए जाने लगा तो वह उसके पीछे-पीछे उसके साथ घर तक पहुंचा और जैसे ही आकाश घर के अंदर घुसा, उसने चाकू से वार कर दिया। पुलिस टीम ने आरोपी की निशादेही पर आरोपी के घर से घटना में प्रयुक्त चाकू एंव मोटरसायकिल विधिवत जप्त कर आरोपी को थाना जनकगंज के अप0क्र0 664/23 धारा 302 के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

जप्त मशरूकाः- घटना में प्रयुक्त चाकू एंव एक मोटर सायकिल।

**सराहनीय भूमिका** थाना प्रभारी जनकगंज निरी0 विपेन्द्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी पडाव निरी0 इला टण्डन, उनि0 सुरेश सिंह कुशवाह, सउनि0 विजय सिंह तोमर, प्र.आर0 सतीश सिंह परिहार, शैलेन्द्र दीक्षित, आर0 रहीश गुर्जर, मुरारी शर्मा, बनवारी शर्मा, विकास राजपूत, राकेश चंदेल की सराहनीय भूमिका रही।

# अभी कपड़े फाड़ने की कह रहे, सोचो सरकार बनाने पर क्या करेंगे

**ग्वालियर (नप्र)**। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ द्वारा उनकी पार्टी के सहयोगी दिग्विजय सिंह पर ÷कपड़े फाड़ने÷ वाले तंज की आलोचना करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अभी इस तरह की भाषा कांग्रेस के नेता प्रयोग कर रहे हैं, सोचो यदि सत्ता में आ गए तो क्या करेंगे, हालांकि राज्य की जनता ऐसे नेताओं को पावर में आने ही नहीं देगी। सिंधिया बुधवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान पत्रकारों के सवाल का जवाब दे रहे थे। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस हर चीज को नष्ट करना चाहती है, उनके नेताओं की भाषा में भी यह झलक रहा है।सिंधिया ने कांग्रेस द्वारा हाल ही में जारी वचन पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। कहा कि विपक्षी पार्टी के घोषणापत्र में वादों की एक लंबी सूची है, लेकिन उनमें से कोई भी पूरा नहीं होने वाला है, क्योंकि कांग्रेस का घोषणा पत्र नहीं होता बल्कि झूठ का पुलिंदा होता है। भाजपा के राज्यसभा सांसद ने कहा कि उनकी अपनी सोच लोगों के विकास के लिए काम करना है। लोग विपक्षी दल और उसके दो



वरिष्ठ नेताओं (दिग्विजय सिंह और नाथ) को माफ नहीं करेंगे। अपने गृह क्षेत्र ग्वालियर से चुनाव लड़ने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह पार्टी के निर्देशों का पालन करते हैं।भाजपा की पहचान पोलिंग बूथ सेनापतियों व कार्यकर्ताओं से। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भाजपा की पहचान पोलिंग बूथ सेनापतियों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से है। उन्होंने कहा कि वह इन कार्यकर्ताओं से मिलकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। सिंधिया बुधवार को ग्वालियर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सिंधिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और इन कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से ही पार्टी को सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकास और उन्नति की एक रेखा खींची गई है। भाजपा सत्ताधारी पार्टी है आगामी चुनाव की तैयारी कर रही है। यहां बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 41.5 फीसद वोट शेयर के साथ 114 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा को 41.6 फीसद वोट शेयर के साथ 109 सीटें मिलीं।

अभी कपड़े फाड़ने की कह रहे, सोचो सरकार बनाने पर क्या करेंगेरूअभी कपड़े फाड़ने की कह रहे, सोचो सरकार बनाने पर क्या करेंगे

**डबरा और भितरवार मैं सिंधिया के मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ बूथ सम्मेलन**-भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा क्षेत्र डबरा और भितरवार में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे। उन्होंने प्रत्येक बूथ से भाजपा को जिताने का मंत्र दिया। भितरवार में सिंधिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता, कार्यकर्ता ही नहीं वह सेनापति है और वह अपनी लड़ाई को मजबूती के साथ अपनी पोलिंग पर लड़ सकता है। भारतीय जनता पार्टी ने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन डबरा विधानसभा क्षेत्र के पिछोर और डबरा में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बूथ प्रभारियों को प्रचंड बूथ विजय की प्रतिज्ञा दिलाई। भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री इमरती देवी सुमन ने डबरा को जिला बनाने की मांग की।

# अगले माह से जौरा तक बढ़ाया जा सकता है मेमू ट्रेन का संचालन, 26 अक्टूबर को रूट का निरीक्षण

ग्वालियर। ग्वालियर-श्योपुर ब्राडगेज ट्रैक परियोजना के अंतर्गत वर्तमान में सुमावली तक चल रही मेमू ट्रेन को अगले माह से जौरा तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने जौरा तक ट्रैक तैयार कर दिया है। अब आगामी 26 अक्टूबर को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) मनोज अरोरा इस ट्रैक का निरीक्षण करेंगे। उनकी हरी झंडी मिलते ही अगले माह से ट्रेन जौरा तक जाएगी, जबकि कैलारस तक ट्रेन दौड़ाने के लिए दिसंबर माह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अगले माह से जौरा तक बढ़ाया जा सकता है मेमू ट्रेन का संचालन, 26 अक्टूबर को रूट का निरीक्षणत्त अगले माह से जौरा तक बढ़ाया जा सकता है मेमू ट्रेन का संचालन, 26 अक्टूबर को रूट का निरीक्षण26 अक्टूबर को रूट का निरीक्षण करेंगे सीआरएससीआरएस 25 अक्टूबर को मुंबई से पठानकोट एक्सप्रेस से रात 10 बजे ग्वालियर आएंगे। इसके बाद 26 अक्टूबर को वह सुमावली से जौरा के रूट का निरीक्षण करेंगे।



इसी दिन शाम 7~07 बजे श्रीधाम एक्सप्रेस से इटारसी के लिए रवाना हो जाएंगे। सीआरएस के निरीक्षण को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस रूट पर चरणबद्ध तरीके से ट्रैक का काम किया जा रहा है।

**सुमावली तक ट्रैक तैयार मेमू ट्रेन का संचालन**-यअभी कपड़े फाड़ने की कह रहे, सोचो सरकार बनाने पर क्या करेंगेस्क्क श्चद्यद्गष्ठ्ठ 2023~ अभी कपड़े फाड़ने की कह रहे, सोचो सरकार बनाने पर क्या करेंगे पहले चरण में रायरू से सुमावली तक ट्रैक तैयार करने के बाद मेमू ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन दिन में तीन फेरे ग्वालियर से सुमावली के बीच लगा रही है। दूसरे चरण में सुमावली से कैलारस तक ट्रैक तैयार किया जाना है, जिसमें जौरा तक काम पूरा हो चुका है। सीआरएस की हरी झंडी मिलते ही मेमू ट्रेन को जौरा तक बढ़ाया जाएगा। रेलवे बोर्ड द्वारा ब्राडगेज ट्रैक पर ट्रेन को टुकड़ों में अलग-अलग स्टेशन तक चलाया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478